प्रधान संपादक : शिव श्रीवास्तव
रांची संस्करण
बुधवार 12 मार्च 2025
● वर्ष 03 ● अंक 126
● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2/- रुपया
श्रमेव जयते, स्पष्टमेव जयते
# श्रमबिन्दु
37 वर्ष 1987-2024
रांची, धनबाद, भिलाई एवं बस्तर से एक साथ प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र
डाक पंजीयन क्रं. छ. ग. / दुर्ग/ 13/ 2021– 23 E-mail : srambindu@gmail.com | shrambindu@yahoo.in आर.एन.आई. पंजी. क्रं. 54135/88




# रायपुर से रांची लाने के दौरान गैंगस्टर अमन साहू पुलिस एनकाउंटर में ढेर



**रांचीः** पलामू से आ रही है, जहां गैंगस्टर अमन साहू का एनकाउंटर कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, रायपुर से रांची लाने के दौरान पलामू जिले में उसका एनकाउंटर किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार पलामू जिले के चैनपुर के अंधारी ढोडा के पास झारखंड के सबसे बड़े गैंगस्टर अमन साहू को गोली मारी गई है। अमन साहू पिछले तीन महीने से रायपुर के जेल में बंद था। रांची के बरियातू में कोयला कारोबारी पर हुए हमले और हजारीबाग में एनटीपीसी डीजीएम के मर्डर मामले में पूछताछ करने अमन साहू को रांची लाया जा रहा था।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार रायपुर से रांची के दौरान पुलिस की गाड़ी पलामू के चैनपुर इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दुर्घटना के बाद अमन साहू ने पुलिस का हथियार छीन लिया और भागने लगा। पुलिस ने जब उसे रोकने की कोशिश की तो उसने पुलिस पर फायरिंग करनी शुरू कर दी। पुलिस की टीम ने भी जवाबी फायरिंग की, जिसमें अमन साहू को कई गोलियां लगी। घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। हालांकि हालांकि इसकी अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इस दौरान एक पुलिस जवान को भी गोली लगने की बात सामने आई है।

जानकारी के अनुसार अमन साव गिरोह के सदस्यों ने चैनपुर और रामगढ़ थाना के बीच अन्धारी ढोढ़ा में पुलिस वाहन पर बम से हमला कर दिया। इस दौरान पुलिस वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिसके बाद अमन साव पुलिस जवान का हथियार छीनकर भागने लगा। लेकिन वो अपने प्रयास में सफल नहीं हो सका। घटना की जानकारी मिलने के बाद पलामू पुलिस के बड़े अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं और पूरे मामले की छानबीन कर रहे हैं।

अमन साव के खिलाफ झारखंड के विभिन्न जिलों के कई थाना क्षेत्रों में दर्जनों आपराधिक मामले दर्ज है। पलामू में एक दर्जन से भी बड़े आपराधिक घटनाओं के मामले में भी अमन के खिलाफ केस दर्ज है।

पलामू की पुलिस अधीक्षक (एसपी) रेशमा रमेशन ने बताया कि अमन साहू को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के एक मामले के संबंध में रायपुर से रांची लाया जा रहा था। अमन को ले जा रहा वाहन चैनपुर के पास पहुंचा, तो अपराधियों ने उस पर घात लगाकर हमला किया। बम विस्फोट किया और गोलीबारी शुरू कर दी। इस दौरान गैंगस्टर ने एसटीएफ के एक जवान से इंसास राइफल छीन ली और भागते समय उस पर गोली चला दी। जिसके बाद अन्य सुरक्षाकर्मियों ने उसे मार गिराया। इस दौरान गिरोह के अन्य सदस्य मौके से भाग गए। एसपी ने बताया कि इस घटना में घायल एसटीएस जवान को इलाज के लिए चिकित्सा केंद्र ले जाया गया। पुलिस ने बताया कि चैनपुर और रामगढ़ के बीच वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है। शव को लेने के लिए एंबुलेंस भेज दी गई है। आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए एमआर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल लाया जाएगा।

इधर कुख्यात अपराधी अमन साहू जेल में रहते हुए राजनीति में कदम रखना चाहता था। वो 2024 का झारखंड विधानसभा चुनाव बड़कागांव सीट से लड़ना चाहता था। इसके लिए उसने अदालत से अनुमति भी मांगी थी, लेकिन उसे अनुमति नहीं मिली। अमन ने हार नहीं मानी और 2029 के चुनाव की तैयारी शुरू कर दी।अपराध की दुनिया में आने से पहले अमन ने मोबाइल की दुकान खोली थी। वह आईटीआई पास भी था। पैसे के लालच में वह अपराध की दुनिया में आ गया। अमन साहू रंगदारी के कई मामलों में शामिल था।

सुशील श्रीवास्तव और भोला पांडेय गिरोह से संपर्क ऱांची के बुढ़मू थाना क्षेत्र के मतवे गांव का रहने वाला अमन साहू एक साधारण परिवार से था। उसके दादा हरिदास साहू किसान थे। उसके पिता निरंजन साहू पतरातू में एक दुकान चलाते थे। अमन ने इंटरमीडिएट की पढ़ाई पूरी करने के बाद 2008 में पतरातू में ही एक मोबाइल की दुकान खोली। इसी दौरान वह सुशील श्रीवास्तव और भोला पांडेय जैसे कुख्यात अपराधियों के संपर्क में आया। पैसे कमाने के लालच में वह अपराध की दुनिया में कदम रख दिया।

जेल से बाहर निकलने पर बना लिया खुद का गैंग ऱबर्नपुर सीमेंट फैक्ट्री में फायरिंग के आरोप में अमन पहली बार जेल गया। उसे 10 महीने की सजा हुई। जेल से बाहर आने के बाद उसने अपना खुद का गिरोह बना लिया। अमन आईटीआई डिप्लोमाधारी था। उसने अपराध की दुनिया में सिर्फ नाम और शोहरत कमाने के लिए कदम रखा था। वह तकनीकी रूप से काफी दक्ष था और इसी का फायदा उठाकर वह पुलिस से बचता रहा।

## डीएसपी पीके सिंह ने गैंगस्टर अमन साहू का एनकाउंटर, ऐसा है उनका रिकॉर्ड



**रांचीः** झारखंड पुलिस के एनकाउंटर स्पेशलिस्ट प्रमोद कुमार सिंह उर्फ पीके ने अमन साहू का एनकाउंटर किया है। यह घटना रांची में हुई। पुलिस अमन साहू को रायपुर से रांची ला रही थी। इसी दौरान यह मुठभेड़ हुई। पुलिस को आशंका थी कि रास्ते में कुछ अनहोनी हो सकती है। इसलिए पीके को यह जिम्मेदारी दी गई थी। बताया जा रहा है कि अमन साहू पुलिस हिरासत से भागने की कोशिश कर रहा था। तभी पीके ने उसे मार गिराया। पीके एटीएस में डीएसपी के पद पर कार्यरत हैं।

प्रमोद कुमार सिंह उर्फ पीके झारखंड पुलिस के जाने-माने एनकाउंटर स्पेशलिस्ट हैं। उन्होंने पहले भी कई दुर्दांत अपराधियों को मार गिराया है। 2022 में धनबाद के बैंक मोड़ स्थित मुथूट फाइनेंस में डकैती की कोशिश हुई थी। तब पीके ने अकेले ही अपराधियों का एनकाउंटर किया था। इस घटना में सभी अपराधी मारे गए थे। यह मुठभेड़ काफी चर्चित हुई थी।

पीके पहले पलामू में भी तैनात रहे हैं। वे 1994 बैच के सब-इंस्पेक्टर थे। चैनपुर में थाना प्रभारी भी रहे। प्रमोशन के बाद अब वे एटीएस में डीएसपी हैं। थाना प्रभारी रहते हुए भी उन्होंने कई लुटेरों का एनकाउंटर किया था। जिस जगह अमन साहू का एनकाउंटर हुआ, वहां पहले भी एक डकैत मारा गया है। पलामू में अपनी तैनाती के दौरान पीके ने अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की थी। इससे उन्हें काफी लोकप्रियता मिली।

प्रमोद कुमार सिंह को 'एनकाउंटर स्पेशलिस्ट' कहा जाता है। इससे पता चलता है कि वे कितने कुशल और निडर पुलिस अधिकारी हैं। अमन साहू का एनकाउंटर भी उनकी इसी छवि को दर्शाता है। पुलिस को पहले से ही आशंका थी कि अमन साहू को लाने में कुछ गड़बड़ हो सकती है। इसीलिए पीके को यह जिम्मेदारी सौंपी गई थी। पीके की तेज तर्रारी और सटीक निशानेबाजी के कारण ही अमन साहू को भागने का मौका नहीं मिला।

## अमन साहू एनकाउंटरः पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने डीजीपी को दी बधाई



**हजारीबागः** प्रदेश के पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने अमन साहू एनकाउंटर पर खुशी जाहिर करते हुए डीजीपी अनुराग गुप्ता को बधाई दी है. इस घटनाक्रम पर बोलते हुए पूर्व मंत्री ने कहा कि डीजीपी एक्शन मोड में आ गए हैं. लेकिन एक अपराधी का एनकाउंटर करने से कुछ नहीं होगा बल्कि उसके पूरे गिरोह को धराशायी करने के लिए प्लान बनाना पड़ेगा.

इस दौरान पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने हजारीबाग जेल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जेल से ही विकास तिवारी जेल प्रबंधन को 10-10 लाख रुपये देकर अंदर से गिरोह का संचालन कर रहा है. इस बात की जानकारी जेल प्रशासन को भी है. गिरोह के एक्टिव होने से हजारीबाग, रामगढ़ और चतरा के रहने वाले लोग भय में जीने को मजबूर हैं. उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि विकास तिवारी फोन का उपयोग जेल के अंदर से करता है और वह व्यापारियों से रंगदारी वसूल रहा है.

पूर्व मंत्री ने डीजीपी से विकास तिवारी पर भी नकेल कसने की अपील की है. पूर्व मंत्री योगेंद्र साव का आरोप है कि विकास तिवारी जेल से ही फोन करके अपना पूरा अवैध कारोबार चला रहा है. इसे लेकर कई बार पत्राचार भी किया. लेकिन सरकार और जेल प्रबंधन ने मेरी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की. पूर्व मंत्री ने विकास तिवारी पर अवैध कारोबार करने और समाज के लिए कैंसर बताया है, जिसके साम्राज्य का खात्मा होना जरुरी है.

वहीं पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने एनटीपीसी के डीजीएम कुमार गौरव की हत्या की निंदा की है. इसके साथ ही एनटीपीसी पर आरोप लगाया है कि वह ग्रामीणों का शोषण करने का काम रही है. पूर्व मंत्री के मुताबिक एनटीपीसी ग्रामीणों की जमीन लूट रही है. गरीब ग्रामीणों को मुआवजा भी नहीं मिल रहा है. उन्होंने कहा कि डीजीएम कुमार गौरव की हत्या के तार भी इसी घटना से जुड़े हो सकते हैं. उन्होंने कोल कंपनी से भी आग्रह किया कि वह जनता के हितों के लिए काम करें.

# राज्यसभा में मल्लिकार्जुन खरगे की टिप्पणी को लेकर हुआ हंगामा



**नई दिल्ली/भाषा।** राज्यसभा में मंगलवार को नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की एक टिप्पणी को लेकर सत्ता पक्ष के सदस्यों की तरफ से काफी हंगामा किया गया और बाद में खरगे ने आसन से माफी मांगते हुए कहा कि उनका यह बयान सरकार के लिए था जो क्षेत्र के आधार पर बांटने का प्रयास कर रही है।

उच्च सदन में, जब शिक्षा मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा शुरू होने जा रही थी, उसी समय विपक्षी सदस्यों ने मांग की कि शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को तमिलनाडु सरकार के विरुद्ध की गयी टिप्पणी के लिए माफी मांगनी चाहिए। प्रधान ने सोमवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत त्रि–भाषा नीति पर तमिलनाडु सरकार के रुख की आलोचना करते हुए उस पर आरोप लगाया था कि वह राजनीति के कारण छात्रों के जीवन को बर्बाद कर रही है। इस टिप्पणी का मंगलवार को उच्च सदन में द्रमुक के सदस्यों ने कड़ा विरोध करते हुए प्रधान से माफी की मांग की। द्रमुक सदस्य काले वस्त्र पहनकर आज सदन में आये थे। हंगामे के बीच, आसन ने खरगे को बोलने का मौका दिया। उन्होंने कहा कि आज सुबह जब वह बोलने के लिए खड़े हुए थे, उस समय शिक्षा मंत्री सदन में मौजूद नहीं थे। इस पर उपसभापति हरिवंश ने उनसे कहा कि इस समय शिक्षा मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा होनी है और खरगे को यह होने देना चाहिए। इसके जवाब में खरगे ने कहा कि उनके दल के सदस्य चर्चा के लिए तैयारी करके आए हैं। इसके बाद उन्होंने एक ऐसे शब्द का प्रयोग किया जो असंसदीय था।

इस शब्द का विरोध करते हुए सदन के नेता जेपी नड्डा ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष ने आसन के प्रति बहुत गलत भाषा का प्रयोग किया है। उन्होंने कहा कि इसकी सभी को निंदा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष को अपनी इस टिप्पणी के लिए माफी मांगनी चाहिए तथा उस वाक्यांश को सदन की कार्यवाही से निकाला जाना चाहिए। इसके बाद खरगे ने स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि उन्होंने आसन के प्रति यह टिप्पणी नहीं की है और यदि उन्हें ऐसा लगा हो तो वह इसके लिए खेद व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि उनकी टिप्पणी सरकार के प्रति थी। खरगे ने कहा, ''आप देश के एक हिस्से और लोगों के आत्म सम्मान को आहत कर रहे हैं और उन्हें असभ्य कह रहे हैं...मंत्री को इस्तीफा देने के लिए कहना चाहिए। वे देश को बांटने एवं तोड़ने की बात कर रहे हैं।'' नड्डा ने खरगे द्वारा आसन के प्रति खेद व्यक्त करने का स्वागत करते हुए आसन से कहा कि नेता प्रतिपक्ष की टिप्पणी सदन की कार्यवाही से निकाल दी जानी चाहिए। इसके बाद, उप सभापति ने कहा कि वह इस पर विचार करेंगे। इसके उपरांत सदन में शिक्षा मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा शुरू हुई।

## इंडसइंड बैंक को लेखा चूक से 2,100 करोड़ रुपए का नुकसान

**नई दिल्ली/भाषा।** इंडसइंड बैंक ने मंगलवार को लेखा विसंगति के कारण हुए 2,100 करोड़ रुपए के नुकसान के असर को कम करने की भरपूर कोशिश की और कहा कि उसके पास इस झटके से उबरने के लिए पर्याप्त पूंजी है। प्रबंधन के भरोसा दिलाने के बावजूद बैंक का शेयर 27 प्रतिशत टूट गया।




इंडसइंड बैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक सुमंत कठपालिया ने कहा कि लेखा चूक के बारे में पिछले साल सितंबर–अक्टूबर के आसपास पता चला, और बैंक ने पिछले सप्ताह भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को इस बारे में बताया। बैंक को हुए नुकसान के अंतिम आंकड़े बाहरी एजेंसी की पड़ताल के बाद पता चलेंगे। बैंक ने बाहरी एजेंसी की नियुक्ति कर दी है, जो अपनी रिपोर्ट अप्रैल की शुरुआत में देगी।

निजी क्षेत्र के इंडसइंड बैंक ने सोमवार को शेयर बाजारों के बताया कि उसने अपने वायदा–विकल्प पोर्टफोलियो में कुछ विसंगतियों का पता लगाया है। बैंक की आंतरिक समीक्षा के अनुसार, इस वजह से दिसंबर, 2024 तक बैंक की कुल संपत्ति के लगभग 2.35 प्रतिशत तक प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

विश्लेषकों ने विसंगति के चलते 2,100 करोड़ रुपए के नुकसान की आशंका जताई है। बैंक ने आंतरिक निष्कर्षों की स्वतंत्र रूप से समीक्षा और सत्यापन के लिए एक बाहरी एजेंसी नियुक्त की है।

# बलूच लिबरेशन आर्मी ने पाकिस्तान रेलवे की यात्री ट्रेन जाफर एक्सप्रेस पर हमला कर किया कब्जा

## 182 लोगों को बीएलए ने बनाया बंधक, 11 पाकिस्तानी सैन्यकर्मी हमले में मारे गये

**इस्लामाबाद/एजेन्सी।** बलूचिस्तान प्रांत को आजाद करने की मांग कर रहे अलगाववादी संगठन बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने पाकिस्तान रेलवे की यात्री ट्रेन जाफर एक्सप्रेस पर मंगलवार को हमला कर उस पर कब्ज़ा करने के बाद 182 लोगों को बंधक बना लिया वहीं हमले में 11 पाकिस्तानी सैन्यकर्मी मारे गये हैं।

बीएलए के प्रवक्ता जीयंद बलूच के मुताबिक उसके लड़ाकों का जाफर एक्सप्रेस पर पूरा नियंत्रण है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बंधकों में पाकिस्तानी सेना, पुलिस, आईएसआई और एटीएफ के सक्रिय–ड्यूटी कर्मी शामिल हैं, जो सभी छुट्टी पर यात्रा कर रहे थे।

■ **बीएलए ने चेतावनी दी है कि यदि पाकिस्तानी सैन्य हस्तक्षेप जारी रहा, तो सभी बंधकों को मार दिया जायेगा।**



प्रतिकात्मक छवि

उन्होंने बताया कि आम यात्रियों, विशेष रूप से महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों और बलूच नागरिकों को रिहा कर दिया गया है और उन्हें सुरक्षित मार्ग से उनके गंतव्य की ओर भेजा गया है।

बीएलए ने चेतावनी दी है कि यदि सैन्य हस्तक्षेप जारी रहा, तो सभी बंधकों को मार दिया जायेगा। प्रवक्ता ने कहा कि ऑपरेशन का नेतृत्व मजीद ब्रिगेड, एसटीओएस, फतह स्क्वाड और बीएलए की जिराब यूनिट द्वारा किया जा रहा है तथा किसी भी सैन्य कार्रवाई का निर्णायक जवाब दिया जायेगा।

बीएलए के प्रवक्ता ने कहा है कि पाकिस्तानी सेना वहां बीएलए की यूनिटों के खिलाफ हेलीकाप्टर और ड्रोन से हवाई हमले कर रही है। यदि उसके लोगों पर वहां हवाई हमले तुरंत नहीं रोके गए तो पाकिस्तान को ट्रेन में बंधक बनाये गये लोगों से हाथ धोना पड़ेगा और इसके लिए वही जिम्मेदार होंगे।

### बंधक बनाए गए 80 यात्रियों को छुड़ाया : सरकारी प्रवक्ता

**कराची/भाषा।** पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने मंगलवार को बलूचिस्तान प्रांत में संदिग्ध बलूच आतंकवादियों द्वारा ट्रेन में बंधक बनाए गए 80 यात्रियों को छुड़ा लिया। सरकार के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, नौ डिब्बों में लगभग 500 यात्रियों को लेकर जाफर एक्सप्रेस क्वेटा से खैबर पख्तूनख्वा के पेशावर जा रही थी तभी मंगलवार सुबह गुदलार और पीरू कोनेरी इलाकों के बीच उस पर गोलीबारी की गई। बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने कहा, ''सुरक्षा बलों ने एक डिब्बे से 80 यात्रियों – 43 पुरुष, 26 महिलाएं और 11 बच्चों – को छुड़ाने में कामयाबी हासिल की है।''

# केंद्रीय रामनवमी अखाड़ा समिति की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय पर बनी सहमति

## मानगो में निर्माणाधीन फ्लाईओवर का कार्य 10 दिनों के लिए स्थगित करने की मांग

**जमशेदपुर।**

केंद्रीय रामनवमी अखाड़ा समिति के कार्यकारिणी की बैठक साकची स्थित एक होटल में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष आशुतोष सिंह ने की, जिसमें आगामी रामनवमी महोत्सव की भव्यता और तैयारियों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान अध्यक्ष आशुतोष सिंह ने पिछले वर्ष के रामनवमी अखाड़ा जुलूस की सफलता को रेखांकित किया और शांतिपूर्ण आयोजन के लिए सभी समितियों की सराहना की। साथ ही, बीते वर्ष की कुछ कमियों और अखाड़ों को हुई असुविधाओं पर भी विचार रखे गए, ताकि इस वर्ष की तैयारियों को और बेहतर बनाया जा सके। बैठक में सभी पदाधिकारियों ने इस वर्ष के रामनवमी महोत्सव को और अधिक संगठित, भव्य और अनुशासित बनाने का संकल्प



लिया। बैठक में कई लोगों ने अपने सुझाव भी दिए। बैठक में संरक्षक नीरज सिंह ने सभी जोनल पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि पिछले वर्ष सभी अखाड़ा समितियों ने समन्वय और अनुशासन का परिचय देते हुए एक ही दिन में विसर्जन कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराया। उन्होंने केंद्रीय समिति के प्रति विश्वास बनाए रखने के लिए सभी समितियों का धन्यवाद भी किया। बैठक में आगामी रामनवमी की तैयारियों को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जिनमें मुख्य रूप से निम्नलिखित बिंदुओं पर सहमति बनीः- 1. गैर-लाइसेंसी अखाड़ा समितियों को ला-इसेंस दिलाने हेतु जिला प्रशासन से समन्वय स्थापित कर सफल प्रयास करना। 2. जोनल बैठकों में संभावित समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करना। 3. विसर्जन मार्ग का निरीक्षण कर संभावित अवरोधों की जानकारी पहले से उपलब्ध कराना, ताकि समय रहते समस्याओं का निराकरण किया जा सके। 4. संवेदनशील क्षेत्रों में अखाड़ा समितियों का सहयोग करते हुए भव्य आयोजन को सुचारू रूप से संपन्न कराना। 5. आर्थिक रूप से कमजोर अखाड़ा समितियों को सहायता प्रदान करने के लिए आवश्यक कदम उठाना। 6. निर्माणाधीन फ्लाईओवर का कार्य कम से कम 10 दिनों के लिए स्थगित किया जाए, ताकि रामनवमी के अखाड़ा जुलूस और यातायात व्यवस्था में कोई बाधा न आए। साथ ही, डिमना रोड पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएं। 7. इसके अलावा, सोनारी क्षेत्र के विसर्जन स्थल को वर्तमान में स्थित नाले की निकासी से अलग किसी उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग भी की गई, ताकि विसर्जन प्रक्रिया सुगमता से संपन्न हो सके। बैठक में प्रमोद तिवारी को संयोजक के रूप में समिति में सम्मिलित किया गया। अध्यक्ष आशुतोष सिंह ने बैठक की अध्यक्षता की। मंच संचालन महासचिव भूपेंद्र सिंह द्वारा किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन शैलेश गुप्ता ने किया। बैठक में मुख्य रूप से संरक्षक नीरज सिंह, भीष्म सिंह, शंकर रेड्डी, महेश खारेलवाल, दिवाकर सिंह, अजय रजक, भास्कर मुखी, उपाध्यक्ष गौतम प्रसाद, परमात्मा मिश्रा, अशोक सिन्हा, नंदजी सिंह, कोषाध्यक्ष शंभू मुखी, प्रेम झा, नॉर्थ जोन प्रभारी अर्जुन शर्मा, सचिव अभिषेक सिंह, मनीष, ओमियो ओझा, राघवेंद्र मिश्रा, सत्येंद्र कुमार, मां मनसा मंदिर अखाड़ा समिति से शिव शंकर सिंह, नार्थ जोन से सुनील सिंह, रजीव सिंह, नीलकमल शेखर, संतोष सिंह, ईस्ट जोन संयोजक बलराम रजक (रजक समाज अखाड़ा), सह-संयोजक कृष्ण वारीक (वनराज अखाड़ा), न्यू मार्केट अखाड़ा से के. नरसिम्हा राव, सेंट्रल जोन श्बीश संयोजक शैलेश गुप्ता (अमर ज्योति अखाड़ा), समीर राज (अंजनी पुत्र अखाड़ा), राकेश प्रसाद (त्रिमूर्ति अखाड़ा), दीपक यादव, (वीरमंच अखाड़ा), राजू यादव (शिवलाल अखाड़ा), जय राज कुमार (रोहन अखाड़ा), कामेश्वर लाल (जोहन अखाड़ा), सपन दास (समाई झोपड़ी अखाड़ा), सचिव संतोष (संतोष अखाड़ा), वनराज अखाड़ा से कृष्णा रवि भूंइया, तथा धर्मजीत कुमार व अन्य उपस्थित थे।

# बिरसानगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के विस्तार हेतु मिली 81 लाख से अधिक राशि की प्रशासनिक स्वीकृति

**जमशेदपुर।**

बिरसानगर जोन नंबर 1 स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के विस्तार और उन्नयन की मांग को स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग ने स्वीकार कर लिया है। जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा की विधायक पूर्णिमा साहू के प्रयासों से स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग ने इस परियोजना के लिए 81 लाख 32 हजार 380 रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है, जिसमें से 40 लाख रुपये की राशि आवंटित भी कर दी गई है। इस संबंध में विधायक पूर्णिमा साहू ने 6 फरवरी 2025 को विभाग के प्रधान सचिव को पत्र लिखकर बिरसानगर सीएचसी में चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार की मांग की थी। उन्होंने पत्र में क्षेत्र की बढ़ती जनसंख्या के मद्देनजर 24 गुणा7 प्रसव



सुविधा, मरीजों के लिए अतिरिक्त वार्ड, वेटिंग एरिया, नर्सिंग स्टेशन, मेडिसिन स्टोर, सीढ़ी एवं रैंप जैसी बुनियादी सुविधाओं के विस्तार की आवश्यकता को रेखांकित किया था। विधायक के इस अनुरोध पर संज्ञान लेते हुए विभाग ने 10 मार्च 2025 को पत्र (सं०-5/पी०-05/2025-55(9) ब) जारी कर स्वीकृति प्रदान की है। विधायक पूर्णिमा साहू ने स्वास्थ्य मंत्रालय का आभार जताते हुए कहा कि यह निर्णय जनहित में अत्यंत महत्वपूर्ण है। बिरसानगर जैसी घनी आबादी वाले क्षेत्र में गरीब और जरूरतमंद लोगों को अब बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ मिलेंगी। खासतौर पर गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों और गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी। जिससे उन्हें इलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा और सभी आवश्यक चिकित्सा सुविधाएँ यहीं उपलब्ध होंगी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के विस्तार के तहत पुरुष एवं महिला वार्ड, वेटिंग एरिया, प्रसव कक्ष, नर्सिंग स्टेशन, मेडिसिन स्टोर और अन्य बुनियादी सुविधाओं का निर्माण किया जाएगा, जिससे मरीजों को उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाएँ सुलभ हो सकेंगी। स्वास्थ्य केंद्र के उन्नयन से विशेष रूप से क्षेत्र के गरीब एवं वंचित तबके को बड़ी राहत मिलेगी, क्योंकि अब उन्हें इलाज के लिए महंगे निजी अस्पतालों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा

# लोयोला स्कूल टेल्को में शिक्षकों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

**जमशेदपुर।**

मंगलवार को लोयोला स्कूल, टेल्को में शिक्षकों के लिए शिक्षक योग्यता विकास छात्र सशक्तिकरण की कुंजी विषय पर एक ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। सत्र का संचालन रंजीता कौर ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत सीनियर कोऑर्डिनेटर रेशमा रोड्रिग्स की प्रार्थना से हुई, जिसके बाद सौरभ और उनकी टीम ने प्रार्थना गीत प्रस्तुत किया। प्रशासक फादर गेरी और प्रिंसिपल चरणजीत ओहसन ने अतिथियों



का स्वागत कर गुलदस्ते भेंट किए और नए शिक्षकों का परिचय दिया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. जे. एम. अरुल कामराज और श्रीमती नित्या कामराज ने शिक्षकों को प्रेरक शिक्षण पद्धतियों व छात्र सशक्तिकरण के नवीनतम तरीकों पर मार्गदर्शन दिया।ओरिएंटेशन सत्र के प्रमुख बिंदु थेः- शिक्षण कौशल में वृद्धि, 21वीं सदी के जीवन कौशल को बढ़ावा देना, भावनात्मक शिक्षा को प्रोत्साहित करना, छात्रों के व्यवहार को समझना, शिक्षकों के तनाव प्रबंधन की रणनीतियाँ, संगीत चिकित्सा और समूह गतिविधियों द्वारा प्रशिक्षण को प्रभावी बनाना। पूरे दिन के सत्र में दृश्य-श्रव्य प्रस्तुति, समूह चर्चा, टूल टास्क, हंसी चिकित्सा और प्रश्नोत्तरी जैसी गतिविधियाँ शामिल थीं। अंत में, जूनियर स्कूल समन्वयक जीनत मारिया सुंडी ने सभी शिक्षकों, अतिथियों और आयोजन समिति का आभार व्यक्त किया। यह सत्र शिक्षकों के लिए बेहद लाभदायक रहा, जिससे उन्हें आधुनिक शिक्षण विधियों और कक्षा प्रबंधन तकनीकों की बहुमूल्य जानकारी मिली।

# चोरी की टाटा सुमो के साथ दो गिरफ्तार, एक फरार

**जमशेदपुर।**

सुंदर नगर थाना क्षेत्र से 14 दिन पूर्व चोरी हुए टाटा सुमो के साथ दो चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस कर ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग ने बताया कि घटना 25, 26 फरवरी के मध्य रात्रि की है जब व्यांगवील के रहने वाले एक व्यक्ति के घर के समीप से टाटा सुमो की चोरी कर ली गई थी, जिसके शिकायत के आलोक में पुलिस ने एक टीम गठित कर अनुसंधान



आरंभ की, इसी क्रम में जानकारी मिली कि सरायकेला जिले के कपाली इस्लामनगर चांदनी चौक के रहने वाले शौकत अली ने इस घटना को अंजाम दिया है जिसके बाद पुलिस ने उसके घर में छापामारी कर टाटा सुमो बरामद की,वही शौकत अली और आजाद नगर के रहने वाले मोहम्मद अकबर उर्फ छोटू को गिरफ्तार किया गया जिनके द्वारा यह स्वीकार किया गया कि, इससे पूर्व में भी उन्होंने कई गाड़ियां चोरी की है। वहीं ग्रामीण एसपी ने बताया कि घटना में तीन लोग शामिल थे जिसमें से दो की गिरफ्तारी कर लिया गया है एक अभी भी ×फरार है उसको भी जल्दी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## न्युवोको जोजोबेरा सीमेंट प्लांट ने सामाजिक योगदान के लिए महिलाओं को किया सम्मानित




**जमशेदपुर।** न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, भारत के पांचवें सबसे बड़े सीमेंट समूह ने, जोजोबेरा सीमेंट प्लांट के आसपास की उल्लेखनीय महिलाओं को उनके सामाजिक योगदान के लिए सम्मानित करने हेतु एक कार्यक्रम आज आयोजित किया। कार्यक्रम में मैन्युफैक्चरिंग हेड (ईस्ट) राघवेंद्र राव जहागीरदार ने शिक्षा, स्वास्थ्य और प्रशासन में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया। सम्मानित महिलाओं में जिला परिषद की चेयरपर्सन, ग्राम पंचायत के सरपंच, पार्षद, शिक्षक, आशा व आईसीडीएस विभाग की फ्रंटलाइन कार्यकर्ता शामिल थीं। मौके पर जहागीरदार ने कहा कि महिलाएं अनुशासन, दक्षता और मजबूत कार्यनीति से समाज में सार्थक बदलाव ला रही हैं। न्युवोको उनके प्रयासों को प्रोत्साहित और समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध है। जिला पार्षद कुसुम पूर्ति ने न्युवोको की इस पहल की सराहना की और इसे सामुदायिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इस कार्यक्रम का आयोजन कर न्युवोको ने समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाले व्यक्तियों को पहचानने और सशक्त बनाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

## चेशायर होम में होली के गीतों पर थिरके विशेष बच्चों के पांव

- **लस्सी वाला बने पप्पू सरदार ने नशा मुक्त होली मनाने का दिया संदेश**

**जमशेदपुर।** मंगलवार को सुंदरनगर स्थित चेशायर होम के विशेष बच्चों (दिव्यागों) ने अबीर गुलाल की होली खेली। होली के गीतों पर विशेष बच्चों तथा उपस्थित लोगों के पांव भी खूब थिरके। गुलाल उड़ाकर विशेष बच्चे होली के रंग में रंग गए। यह नजारा चेशायर होम परिसर में



दिखने को मिला। इसका आयोजन हर साल की तरह इस साल भी सिने तारिका माधुरी दीक्षित के फैन पप्पू सरदार द्धारा किया गया था। पप्पू ने अपने चिर-परिचित अंदाज में इस साल नई थीम खुद को लस्सी वाला के रूप में पेश कर होली के दिन नशा नहीं करने के साथ ही समाज में आई नशे रूपी कुरीति को दूर करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि होली आपस में मिलना जुलना और पुरानी रंजिश भूलकर आपसी भाईचारा कायम करने के लिए मनाया जाता है आप यदि नशा मुक्त पर्व मनाएंगे तो आपके परिवार, समाज और प्रशासन को भी काफी राहत मिलेगी। होली के गीतों पर विशेष बच्चों संग पप्पू ने जमकर डांस किया। मौके पर चेशायर होम की सिस्टर सारिका ने होली की बधाई देते हुए कहा कि भाई चारा के साथ होली के रंग खूब बिखरें, जोर जबरदस्ती रंग किसी को भी नहीं लगायें। उन्होंने कहा कि चेशायर होम के विशेष बच्चों को भी पप्पू सरदार के साथ रंग खेलने के लिए इस दिन का इंतजार रहता हैं। पप्पू सरदार द्धारा यहां के बच्चों के बीच सुबह का सूखा नाश्ता एवं दोपहर का भोजन (लजीज व्यंजन) भी वितरण किया गया। मौके पर चेशायर होम के सभी सिस्टर एवं कर्मचारी मौजूद

# जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में प्रत्येक घर तक बिजली पहुचाने की योजना पर चर्चा

**जमशेदपुर।**

समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में जिला उपायुक्त अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त अनिकेत सचान की अध्यक्षता में केन्द्र तथा राज्य प्रायोजित योजना के तहत गांव, टोला, मोहल्ला में बिद्युतीकरण के माध्यम से प्रत्येक घर तक बिजली पहुचाने के संदर्भ में विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता, विभिन्न कार्यकारी एजेंसियों तथा संवेदकों के साथ समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पारंपरिक तथा नवीनीकृत उर्जा के माध्यम से बिजली पहुचाने पर चर्चा की गयी। सरकार के द्वा-



रा संचालित प्रधानमंत्री सूर्य घर बिजली योजना के लाभुकों की संख्या बढ़ाने का निदेश देते हुए योजना के संदर्भ में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने तथा लाभुको को प्रोत्साहित करने का निदेश दिया गया। उन्होने कहा प्रक्रिया को सरल बनाये तथा पहला चरण में जमशेदपुर के निगम क्षेत्रों, शहरी क्षेत्रों पर फोक्स करें। समीक्षा के क्रम में जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र में 90 आवेदनों के विरूद्ध 16, मानगो नगर निगम क्षेत्र में 91 आवेदनों के विरूद्ध 24, जूस्को क्षेत्र में 180 आवेदनों के विरूद्ध 16 तथा घाटशिला क्षेत्र में 13 आवेदनों के विरूद्ध 1 लाभुको के घर में सौर उर्जा प्लांट का अधिष्ठापन किया गया है। योजना क्रियान्वयन में तेजी लाने का निदेश देते हुए प्राप्त आवेदनों का भौतिक सत्यापन कराकर जल्दी से जल्दी अधिष्ठापन का कार्य पुरा करने को कहा गया। पुनर्गठित वितरण क्षेत्र योजना (आरडीएसएस) के तहत वित्तीय रूप से टिकाऊ और परिचालन रूप से कुशल वितरण क्षेत्र के माध्यम से उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति की गुणवत्ता, विश्वसनीयता और सामर्थ्य में सुधार करने हेतु संचालित योजना के तहत सभी बिद्युत प्रमंडलों के कार्यपालक अभियंताओं को बिजली के जर्जर खंभे तथा तार आदि को बदलने के कार्य में तेजी लाने तथा वन व अन्य संबंधित विभाग से समन्वय कर ससमय अनापति प्रमाण पत्र प्राप्त करते हुए योजना पूर्ण करने का निदेश दिया गया। इसके अलावा कृषि फि-डर को अलग करने के साथ साथ विद्युत परिवहन एवं वितरण में हो रहे नुकसान को कम करने के लिए भी अभियान चलाने का निदेश दिया गया। राज्य सरकार के द्वा-रा संचालित मुख्यमंत्री उज्जवल झारखण्ड योजना के तहत स्थायी बिजली पोल तथा तार से वंचित बिद्युत उपभोक्ताओं के घरों तक बिजली पहुचाने के लिए जिला में चयनित 191 टोला में जल्द से जल्द नया पोल तथा तार लगाने का काम शुरू करने निदेश संबंधित कार्यपालक अभियंताओं को दिया गया। इसके अलावे उपरोक्त 191 टोला के अतिरिक्त अन्य कोई भी टोला बिद्युत विहीन न हो इसके लिए पुनः सर्वेक्षण कराकर प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजने का निदेश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त अनिकेत सचान के अलावा अग्रणी बैंक प्रबंधक, जमशेदपुर, मानगो तथा घाटशिला के कार्यपालक अभियंता बिद्युत, एसडीओ बिद्युत तथा प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के इंपैनल एजेंसी के प्रतिनिधिगण व अन्य संबधित उपस्थित थे।

न्यूज़ अपडेट

## होली पर तीन दिन बंद रहेंगे बैंक

**जमशेदपुर।** होली भारत में सबसे प्रमुख और रंगीन त्योहारों में से एक है, जिसे देशभर में धूमधाम से मनाया जाता है। इस साल 13, 14 और 15 मार्च को कई राज्यों में बैंक हॉलिडे रहेगा, जिससे बैंकिंग सेवाओं पर प्रभाव पड़ेगा। भारतीय रिजर्व बैंक के छुट्टियों के कैलेंडर के अनुसार, विभिन्न राज्यों में इन तीन दिनों में बैंक बंद रहेंगे। आरबीआई के कैलेंडर के अनुसार, बैंक अवकाश राज्यवार तय किए जाते हैं. होली का त्योहार मुख्य रूप से उत्तर भारत में बड़े स्तर पर मनाया जाता है. इसलिए, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड समेत कई राज्यों में बैंक बंद रहने की संभावना है।बैंकों की शाखाएं भले ही बंद रहें, लेकिन डिजिटल बैंकिंग सेवाएं जैसे नेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, यूपीआई और एटीएम कार्यरत रहेंगे. ग्राहक पैसे ट्रांसफर करने, बिल भुगतान करने और अन्य बैंकिंग कार्यों के लिए ऑनलाइन सुविधाओं का इस्तेमाल कर सकते हैं। अगर आपको नकदी की आवश्यकता है, तो छुट्टियों से पहले एटीएम या बैंक शाखा से पैसे निकाल लें। चेक क्लियरेंस और दूसरे बैंकिंग कार्यों की योजना पहले से बना लें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो। डिजिटल बैंकिंग सेवाओं का अधिकतम लाभ उठाएं।

## आवश्यकता आधारित शिक्षकों के समायोजन पर विस में सरकार से स्थायी समाधान की मांग

**जमशेदपुर।** झारखंड राज्य विश्वविद्यालय संविदा शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष राकेश कुमार पाण्डेय ने कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने विधानसभा में आवश्यकता आधारित शिक्षकों के समायोजन का मुद्दा जोरदार तरीके से उठाया। प्रश्नकाल के दौरान प्रदीप यादव ने कहा कि झारखंड के विभिन्न विश्वविद्यालयों में 700 से अधिक आवश्यकता आधारित शिक्षक पिछले आठ वर्षों से कार्यरत हैं। उनकी नियुक्ति यूजीसी नियमावली एवं सरकारी रोस्टर के तहत हुई है, तो फिर उन्हें समायोजित करने में क्या दिक्कत है? उन्होंने सरकार से स्थायी समाधान की मांग की। उच्च शिक्षा मंत्री ने जवाब में कहा कि सरकार इस मुद्दे से सहमत है, लेकिन यह नीतिगत मामला है। उन्होंने कहा कि जेपीएससी भर्ती प्रक्रिया में इन शिक्षकों को वरीयता अंक देने और आयुसीमा में छूट का प्रावधान जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। प्रदीप यादव ने सरकार से सवाल किया कि जब नर्सिंग कर्मियों का समायोजन किया गया तो इन शिक्षकों के साथ भेदभाव क्यों? उन्होंने राजस्थान, हरियाणा, हिमाचल समेत अन्य राज्यों के उदाहरण भी दिए, जहां ऐसे शिक्षकों का समायोजन हुआ है। राकेश पाण्डेय ने संविदा शिक्षकों के हक में मजबूती से आवाज उठाने के लिए प्रदीप यादव का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि जल्द ही एक प्रतिनिधिमंडल विधायक को सम्मानित करेगा।

## झारखंड हाईकोर्ट ने एनएच - 220 पुनर्निर्माण मामले की सुनवाई, कई मुद्दों पर फिर से होगी सुनवाई

**जमशेदपुर।** झारखंड के मुख्य न्यायाधीश की पीठ ने एनएच - 220 के रसुनचोपा से तिरिंग तक के खंड के पुनर्निर्माण से संबंधित जनहित याचिका पर सुनवाई की. झारखंड राज्य सड़क विभाग की ओर से उपस्थित अधिवक्ता ने न्यायालय को आश्वस्त किया कि उक्त सड़क का पुनर्निर्माण कार्य 14 मार्च तक पूर्ण कर लिया जाएगा और इस आश्वासन के आधार पर याचिका का निपटारा किया जा सकता है. हालांकि, याचिकाकर्ता आकाश शर्मा, जो पेशे से अधिवक्ता हैं, स्वयं उपस्थित हुए. उन्होंने न्यायालय के समक्ष निवेदन किया कि पुनर्निर्माण कार्य की पूर्णता की स्थिति पर एक स्थिति रिपोर्ट (स्टेटस रिपोर्ट) 14 मार्च के बाद दायर की जाए तथा उसकी एक प्रति याचिकाकर्ता को प्रदान की जाए. इस रिपोर्ट के आधार पर जनहित याचिका का अंतिम निपटारा किया जा सकता है. उच्च न्यायालय ने दोनों पक्षों के वक्तव्यों को रिकॉर्ड किया और मामले को अप्रैल के तीसरे सप्ताह में सूचीबद्ध किया. साथ ही, झारखंड राज्य सड़क विभाग को निर्देश दिया कि स्थिति रिपोर्ट (स्टेटस रिपोर्ट) प्रस्तुत करें।

## सड़क हादसे में भाजपा नेता के बड़े बेटे समेत तीन की मौत

**जमशेदपुर।** भारतीय जानता पार्टी नेता बास्को बेसरा के बड़े पुत्र अग्नी बेसरा (25) की रांची के कोकर में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है। सोमवार देर रात एक शादी समारोह से शिरकत कर अपनी स्कॉर्पियो संख्या जेएच 05 डीएम 1737 से अपने दोस्तों के साथ गम्हरिया लौट रहा था इसी दौरान सड़क हादसे में तीनों दोस्तों की मौत हो गई. घटना की सूचना मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी. जैसे-जैसे लोगों को घटना की सूचना मिली लोग बास्को बेसरा के घर पर जुटने लगे. साथ ही श्री बेसरा से मिल उन्हें व उनके परिवार के सदस्यों को ढांढस बंधाया. शाम करीब साढ़े चार बजे अग्नि का शव रांची से पैतृक आवास सीतारामपुर पहुंचा. शव के आते ही परिजनों समेत पूरे गांव के लोगों का रोना शुरू हो गया. करीब आधे घंटे तक घर में शव को दर्शन के लिए रखे जाने के बाद पारंपारिक रीति-रीवाज को पूरा कर अंतिम संस्कार के लिए पार्वती घाट ले जाया गया, जहां उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया. बताया जाता है कि एक शादी समारोह से लौटने के क्रम में थार के दुर्घटनाग्रस्त होने से स्कॉर्पियो में सवार तीन युवकों की मौत हो गई है। पिछले साल उनके छोटे पुत्र अनमोल बेसरा की भी सड़क हादसे में मौत हो चुकी है।

## होली पर तीन दिन बंद रहेंगे बैंक

**जमशेदपुर।** होली भारत में सबसे प्रमुख और रंगीन त्योहारों में से एक है, जिसे देशभर में धूमधाम से मनाया जाता है। इस साल 13, 14 और 15 मार्च को कई राज्यों में बैंक हॉलिडे रहेगा, जिससे बैंकिंग सेवाओं पर प्रभाव पड़ेगा। भारतीय रिजर्व बैंक के छुट्टियों के कैलेंडर के अनुसार, विभिन्न राज्यों में इन तीन दिनों में बैंक बंद रहेंगे। आरबीआई के कैलेंडर के अनुसार, बैंक अवकाश राज्यवार तय किए जाते हैं. होली का त्योहार मुख्य रूप से उत्तर भारत में बड़े स्तर पर मनाया जाता है. इसलिए, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड समेत कई राज्यों में बैंक बंद रहने की संभावना है।बैंकों की शाखाएं भले ही बंद रहें, लेकिन डिजिटल बैंकिंग सेवाएं जैसे नेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, यूपीआई और एटीएम कार्यरत रहेंगे. ग्राहक पैसे ट्रांसफर करने, बिल भुगतान करने और अन्य बैंकिंग कार्यों के लिए ऑनलाइन सुविधाओं का इस्तेमाल कर सकते हैं। अगर आपको नकदी की आवश्यकता है, तो छुट्टियों से पहले एटीएम या बैंक शाखा से पैसे निकाल लें। चेक क्लियरेंस और दूसरे बैंकिंग कार्यों की योजना पहले से बना लें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो। डिजिटल बैंकिंग सेवाओं का अधिकतम लाभ उठाएं।

## कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ तीन दिवसीय अखंड हरी नाम संकीर्तन

**ईचागढ़। सरायकेला**-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के सितु सार्वजनिक राधा कृष्ण मंदिर में कलश यात्रा के साथ अखंड हरी नाम संकीर्तन महायज्ञ का शुभारंभ किया गया। सीता नाला नदी से करीब 3 किलोमीटर से कलश लेकर महिला व पुरुषों ने गाजे बाजे के साथ मंदिर प्रांगण पहुंचे और कलश स्थापना कर साथ ही हरी नाम संकीर्तन का शुभारंभ किया गया। संकीर्तन में 6 संकीर्तन मंडलियों ने भाग लिया। मौके पर पुजारी कृष्ण चन्द्र लायेक, भोलानाथ दास, मुकेश कुमार दास, कैलाश दास, काशीनाथ दास , निवारण दास आदि सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

## न्यूज़ अपडेट

### परीक्षा देकर लौट रही छात्रा की मौत, दो अन्य घायल

**एजेंसी : रांची : गिरिडीह।** जिले के गांवा थाना क्षेत्र के गावां-सतगावां मेन रोड पर बंगालीबाड़ा के पास मंगलवार को हुई सड़क दुर्घटना में एक छात्रा की मौत हो गई, जबकि दो अन्य छात्र घायल हो गए। उक्त थाना प्रभारी ने बताया कि जोड़ासिमर निवासी रश्मि कुमारी (पिता सुरेश राय), गुलशन कुमार (पिता सीकेन्द्र राम) व प्रीति कुमारी (पिता संतोष रजक) उच्च विद्यालय सेरुआ से आठवीं की बोर्ड परीक्षा देकर एक ही बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान बंगालीबाड़ा के पास विपरीत दिशा से आ रही एक अन्य बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बाइक पर पीछे बैठी प्रीति कुमारी सड़क पर गिर गई। तभी घटनास्थल से गुजर रही एक बस ने प्रीति को कुचल दिया, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। इस हादसे में रश्मि कुमारी व गुलशन कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। रश्मि कुमारी के दाएं पैर की हड्डी टूटकर बाहर निकल गई है, जबकि गुलशन कुमार के माथे में गंभीर चोट आई है। घटना के बाद सभी घायलों को गांवा पुलिस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गांवा ले आए, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल गिरिडीह रेफर कर दिया।

### झारखंड में इस बार होली में पड़ेगी गर्मी, 12 से तापमान में वृद्धि शुरू

**एजेंसी : रांची।** झारखंड में इस बार होली में गर्मी अधिक होगी। होली के आसपास तापमान सामान्य से चार-पांच डिग्री अधिक रहेगी। यह जानकारी मौसम विभाग ने मंगलवार को दी है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि इस बार होली के आसपास एंटी साइक्लोन की स्थिति बन रही है। इसकी वजह से तापमान सामान्य से अधिक रहेगा। उन्होंने बताया कि तापमान में बुधवार से बढोत्तरी होने लगेगा। वहीं मंगलवार को रांची और आसपास के इलाकों में मौसम साफ रहा और धूप में तल्खी महसूस की गई। मंगलवार को रांची में अधिकतम तापमान 32.8 डिग्री, जमशेदपुर में 35.3, डालटेनगंज 35.7 और बोकारो में अधिकतम तापमान 35.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### आईएचएस के पूर्व कर्मी पर गोली चलाने वाला गिरफ्तार



**एजेंसी : रांची।** रांची के कांके थाना क्षेत्र के रिंग रोड स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ साइंसेज (आईएचएस) के पूर्व कर्मी पर गोली चलाने वाले को रांची पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान पंकज सिंह के रूप में हुई है और वह कंपनी में सुरक्षा गार्ड का काम करता है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त पिस्टल भी बरामद कर ली है। गिरफ्तार आरोपित से पूछताछ की जा रही है। डीएसपी अमर कुमार पांडेय ने मंगलवार को बताया कि आईएचएस के पूर्व कर्मचारी जितेंद्र कुमार को सोमवार की रात गोली मारी गई। इससे वह घायल हो गया। सका इलाज रांची के रिम्स में चल रहा है और वह खतरे से बाहर है। डीएसपी ने बताया कि सुरक्षा गार्ड पंकज सिंह और अन्य कर्मी शराब पी रहे थे। इसी दौरान गलती से गोली चलने की बात सामने आई है। इसमें जितेंद्र सिंह जख्मी हो गया था। जितेंद्र के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई और आरोपित पंकज को गिरफ्तार कर लिया है।

### झारखंड का कुख्यात अपराधी अमन साहू पुलिस मुठभेड़ में ढेर



**एजेंसी : रांची : पलामू।** झारखंड का कुख्यात अपराधी अमन साहू मंगलवार सुबह पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। उसे छत्तीसगढ़ के रायपुर से एनआईए केस के सिलसिले में राँची लाया जा रहा था। पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र में घटना हुई। एसटीएस (स्पेशल टास्क फोर्स) जवान भी जख्मी हुआ है। जिले की पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि विस्तृत जानकारी कुछ देर बाद दी जाएगी। पुलिस अधीक्षक के अनुसार एनआईए केस के सिलसिले में अमन साहू को छत्तीसगढ़ के रायपुर से रांची लाया जा रहा था। चैनपुर थाना क्षेत्र में पहुंचने पर घात लगाकर अपराधियों ने पुलिस गाड़ी पर पहले बम फेंका, फिर फायरिंग की। इसी क्रम में अमन साहू एक एसटीएस (स्पेशल टास्क फोर्स) जवान से इंसास राइफल छीन कर भागने लगा। भागने के दौरान जवान पर गोली चला दी। इस हमले में जवान घायल हो गया। घटना के तुरंत बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए अमन साहू को ढेर कर दिया। घायल जवान को अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। सुरक्षा एजेंसियां भी घटना से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच कर रही हैं। इधर, जानकारी मिली है कि चैनपुर-रामगढ़ के बीच आने जाने वाले वाहनों को रोक दिया गया है। बॉडी लेने के लिए एंबुलेंस भेजी गई है। जरूरी प्रक्रिया पूरी कर डेड बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए एमआरएमसीएच में लाया जाएगा।

### सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाएं होली और अन्य त्योहार : क्रिस्टोफर केरकेट्टा



**एजेंसी : रांची: खूंटी।** होली, सरहुल और रमजान को लेकर मंगलवार को तोरपा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी क्रिस्टोफर केंरकेट्टा ने की। मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने लोगों से सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में होली सहित अन्य पर्वों को उत्साह पूर्वक मनाने की अपील की। इससे पूर्व बैठक में उपस्थित समिति के सदस्यों ने होली के दौरान होनेवाले आयोजनों की जानकारी देते हुए त्यौहार के दौरान पानी, बिजली की निर्बाध आपूर्ति के साथ ही समुचित साफ-सफाई की व्यवस्था करने की मांग की। सदस्यों की इस मांग पर प्रखंड विकास पदाधिकारी नवीन चंद्र झा ने समुचित कार्रवाई का आश्वासन देते हुए लोगों से अपील की कि त्यौहार मनाते समय किसी की धार्मिक भावना आहत ना हो, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक में बीडीओ नवीन चंद्र झा, डॉ रंजीत कुमार, पुलिस निरीक्षक अशोक कुमार सिंह, थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेम्ब्रम, प्रमुख रोहित सुरीन, उप प्रमुख संतोष कुमार कर, तोरपा पूर्वी पंचायत की मुखिया विनिता नाग, तोरपा पश्चिमी के मुख्यिा जोन टोपनो, दियांकेल की मुखिया शिशिर टोपनो, उप मुखिया राजू साहू, संतोष जयसवाल, धमेंद्र कुमार, तुलसी भगत, संजय यादव, कैसर खान, मनीर अंसारी सहित काफी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे। बैठक के बाद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ही नागरिकों ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

# रिम्स के डॉक्टरों को जल्द मिलेगी पदोन्नति : मंत्री इरफान अंसारी

एजेंसी : रांची



झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के 11वें दिन मंगलवार को सदन की कार्यवाही 11 बजकर 08 मिनट पर शुरू हुई। सदन में स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने कहा कि जीबी की बैठक बुलाकर रिम्स के डॉक्टरों को जल्द ही पदोन्नति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पूर्व में पदोन्नति में विसंगतियां हुई है, इसे वह स्वीकार करते हैं। इसके लिए उन्होंने फाइल भी मंगाया है। अब जीबी की बैठक बुलाकर पदोन्नति की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। डॉक्टर अंसारी कांग्रेस विधायक राजेश कच्छप के ध्यानाकर्षण का जवाब दे रहे थे। विधायक कच्छप का कहना था कि डॉक्टरों को पदोन्नति नहीं मिलने से पूर्व में जो पदोन्नति दी गई उसमें भारी गड़बड़ी हुई है। 60 साल की उम्र के बाद ज्वाइन करने वाले डॉक्टर पदोन्नति नहीं मिलने के कारण जूनियर हो गए हैं और नियमित डॉक्टर जिन्हें सीनियर चिकित्सकों ने पढ़ाया है वह जूनियर हो गये। कच्छप ने राज्य के ही विशेषज्ञ चिकित्सकों को रिम्स डायरेक्टर बनाने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि बाहर से आने वाले डायरेक्टर कार्यकाल पूरा किए बगैर बीच में ही चले जाते हैं इससे रिम्स की व्यवस्था पर गंभीर असर पड़ता है। हजारों एकड़ भूमि को फ्री होल्ड किया जाएगाः दीपक बिरुवा भू राजस्व मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा कि खासमहल की हजारों एकड़ जमीन को जल्द ही फ्री होल्ड किया जाएगा। उन्होंने सदन में बताया कि खासमहल की जमीन को रैयतों के नाम करने के लिए सदस्य राजस्व परिषद की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी की 3-4 बैठके हो चुकी हैं। अब अंतिम बैठक के बाद 45 दिनों के अंदर निर्णय ले लिया जाएगा। इससे पूर्व भाजपा विधायक आलोक चौरसिया ने ध्यानाकर्षण के माध्यम से सरकार से जानना चाहा था कि जो लोग बरसों से खासमहल की जमीन पर रह रहे हैं उन्हें उस जमीन का मलिकाना हक क्यों नहीं दिया जा रहा। चौरसिया का कहना था कि डाल्टनगंज में बड़ी संख्या में लोग खासमहल की जमीन पर रहते आए हैं। राज्य के अन्य जिलों में भी यही स्थिति है लेकिन उन्हें जमीन का मालिकाना हक नहीं मिल रहा है। वह अपना घर नहीं बना पा रहे हैं। जो घर बना चुके हैं उन्हें परेशान किया जा रहा है। भाजपा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी का भी कहना था कि कृषि योग्य भूमि पर भी रैयतों का 100 वर्ष से अधिक का कब्जा है लेकिन सरकार सड़क निर्माण व अन्य कार्यों के लिए जब भूमि अधिग्रहित करती है तो उसे सरकारी जमीन बता कर कोई मुआवजा नहीं देती है। राज्य में इससे हजारों लोग परेशान हैं।

## होली से पहले अवैध शराब ठिकानों पर हुई छापेमारी

एजेंसी : रांची




**रामगढ़।** रामगढ़ में होली पर्व के मद्देनजर डीसी चंदन कुमार के निर्देश पर सहायक आयुक्त उत्पाद सुनील कुमार चौधरी ने अवैध शराब ठिकानों पर छापेमारी कराई। उत्पाद बल एवं सशस्त्र गृहरक्षक बल के सहयोग से रामगढ थाना अंतर्गत कैथा, हुहुवा, बाजार समिति, गोलपार सहित अन्य जगहों में सघन और व्यापक छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी अभियान के दौरान 1.80 लीटर अवैध विदेशी शराब एवं 100 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद किया गया । छापेमारी अभियान में बाजार समिति निवासी सुमित कुमार पासवान को घटनास्थल से गिरफ्तार किया गया । जबकि हुहुवा निवासी राजन साव, गोलपार निवासी छोटू माली एवं मनोज यादव के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम की धारा के तहत फरार अभियोग दर्ज किया गया है। छापे मारी अभियान में मुख्य रूप से उत्पाद अवर निरीक्षक कांग्रेश कुमार, सिपाही बिनय सिंह, प्रेम सिंह, कमलेश कुमार, नंदलाल कुमार एवं अधीनस्थ सशस्त्र गृहरक्षक के जवान सहित अन्य शामिल थे।

## अमन साव एनकाउंटरः बाबूलाल मरांडी बोले- कानून को चुनौती देने वाले का यही हश्र होगा





एजेंसी : रांची

झारखंड का कुख्यात गैंगस्टर अमन साव मंगलवार को मुठभेड़ में मारा गया। इस पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड पुलिस की ओर से एक कुख्यात अपराधी का एनकाउंटर प्रदेश में आपराधिक साम्राज्य चलाने वालों के लिए कड़ा संदेश है। विधानसभा परिसर में पत्रकारों से बातचीत में मरांडी ने कहा कि जो कानून को चुनौती देगा, उसका यही हश्र होगा। जनता की सुरक्षा और शांति के लिए ऐसे अपराधियों पर कठोर कार्रवाई आवश्यक है। पुलिस प्रशासन को इसी दृढ़ता से अपनी कार्रवाई जारी रखनी चाहिए। वहीं राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने इस मामले में सवाल खड़ा किया है। उन्होंने कहा है कि डीजीपी पहले ही स्वीकार कर चुके हैं कि जेल से सबकुछ संचालित हो रहा है तो फिर कार्रवाई क्यों नहीं हुई। आप अमन साव को कस्टडी में ला रहे थे तो फिर एनकाउंटर की बात कहां से आ गई। उन्होंने कहा कि सीबीआई से मामले की जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा है कि अमन साव को सुरक्षा में ला रहे थे। आप उसे पकड़ने नहीं गये थे। जब कोई क्राइम करके दौड़ के जाता है और तब उसको मारा जाता है तो उसे एनकाउंटर कह सकते हैं। जब सारी सुरक्षा के बीच लाया जा रहा था तब एनकाउंटर हुआ तो यह जांच का विषय है। इसकी जांच होनी चाहिए।

## झारखंड कांग्रेस में भाजपा के स्लीपर सेल होने के बयान पर भाजपा ने के राजू को घेरा

एजेंसी : रांची



भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कांग्रेस के झारखंड प्रभारी के राजू को उनके बयान को लेकर घेरा है। प्रतुल ने कहा कि प्रदेश प्रभारी के राजू के झारखंड कांग्रेस में भाजपा के स्लीपर सेल होने की बात कह कर पूरी की पूरी झारखंड कांग्रेस को कटघरे में खड़ा कर दिया है। अब कांग्रेस के कार्यकर्ता ही एक दूसरे को शंका की दृष्टि से देख रहे हैं। मंगलवार को भाजपा के प्रदेश वक्ता ने कहा कि प्रदेश प्रभारी राजू को स्पष्ट करना चाहिए कि आखिर भाजपा का स्लीपर सेल कांग्रेस में कौन है। क्या वह प्रदेश अध्यक्ष हैं या मंत्रियों में कोई है या विधायकों में कोई है। प्रदेश पदाधिकारी में कोई है या फिर दूसरे नेता है। प्रतुल ने कहा ऐसा बयान देकर प्रदेश प्रभारी ने दशकों से निष्ठा से कांग्रेस का झंडा उठा रहे हजारों कांग्रेसियों के निष्ठा पर ही प्रश्न चिन्ह कर दिया है। प्रतुल ने कहा कि अफसोस कांग्रेस का कोई एक नेता भी प्रभारी के इस बयान का विरोध नहीं कर रहा है। किसी समय कांग्रेस में आंतरिक प्रजातंत्र जीवित हुआ करता था, लेकिन अब तो अपने बड़े नेताओं के सामने कांग्रेस के कार्यकर्ता गलत बात का विरोध भी नहीं करते हैं। प्रतुल ने कहा कि कांग्रेस प्रभारी राजू कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी का अनुसरण कर रहे हैं। राहुल गांधी ने गुजरात में गुजरात कांग्रेस में भाजपा के स्लीपर सेल होने की बात कही थी। इसका गुजरात के कांग्रेस के कुछ नेताओं ने जबरदस्त विरोध किया था। गुजरात में तीन दशकों से सत्ता से बाहर कांग्रेस अब अपने कार्यकर्ताओं को ही इसका जिम्मेदार बता रही है। प्रतुल ने कहा कि इस पूरे मुद्दे का आश्चर्यजनक पहलू है कि कांग्रेस झारखंड मुक्ति मोर्चा के पीठ पर चढ़कर दो बार झारखंड में चुनावी बैतरणी पार कर चुकी है। फिर भी कांग्रेस के प्रभारी को कांग्रेस में भाजपा का स्लीपर सेल दिख रहा है। उन्होंने ने कहा अगर प्रभारी स्लीपर सेलों की लिस्ट सार्वजनिक नहीं करेंगे तो पूरी की पूरी प्रदेश कांग्रेस पर ही सवालिया निशान हमेशा के लिए खड़ा रह जाएगा।

# होली में रामगढ़ के बाजार में नकली पनीर की हो रही सप्लाई, 70 किलो नकली पनीर जब्त





एजेंसी : रांची

**रामगढ़।** होली के मौके पर रामगढ़ के बाजार में नकली पनीर की सप्लाई हो रही है। पनीर की एक बड़ी खेप खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने मंगलवार को जब्त की। रामगढ़ शहर के टेकर स्टैंड के मार्केट में हिंदुस्तान डेयरी दुकान में नकली पनीर की सप्लाई हो रही थी। इस दुकान से 70 किलो नकली पनीर जब्त किया गया है। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी दीपश्री श्रीवास्तव ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि हिंदुस्तान डेयरी के मालिक के जरिये होटल और आम ग्राहकों को नकली पनीर बेचे जा रही है। इस आधार पर जब दुकान में छापेमारी की गई तो 70 किलो नकली पनीर मिला। इसके अलावा खोवा और मटर भी इस दुकान से बेचा जा रहा था। उनका सैंपल लेकर भी जांच किया जा रहा है। थोक और खुदरा विक्रेता के नाम से संचालित इस दुकान के मालिक देव कुमार जायसवाल हैं। उन्हें भारी जुर्माना ठोका जा रहा है। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने बताया कि होली के मौके पर ऐसी कई दुकानें हैं, जहां मिलावटी वस्तुओं की बिक्री हो रही है। शहर के सभी होटल और दुकानों की जांच चल रही है। जिन स्थानों पर नकली सामान मिलेगा, उन प्रतिष्ठानों को पहले जुर्माना लगाया जाएगा। फिर उनकी दुकान बंद कराई जाएगी। हिंदुस्तान डेयरी के पास ट्रेड लाइसेंस भी नहीं था जिसे लेकर भी उन्हें जुर्माना लगाया गया है। दुकानदार देव कुमार जायसवाल ने बताया कि वह बिहार से पनीर मंगवाता है। वहां उसे 180 किलो के भाव से पनीर मिलता है। रामगढ़ वह 220 से 250 रुपए प्रति किलोग्राम पनीर बेच रहा है। जांच टीम उन प्रतिष्ठानों की भी जांच करेगी जहां हिंदुस्तान डेयरी से सप्लाई होती हैं। जांच अधिकारी ने बताया कि ढाई सौ रुपए प्रति किलोग्राम बिकने वाला नकली पनीर, होटल में जाकर ढाई सौ रुपए प्रति प्लेट बिकेगा। यह कितना हानिकारक है, इसका भी पता लगाया जा रहा है।

## स्कार्पियो ने सड़क किनारे खड़े ट्रक में मारी टक्कर, तीन की मौत

एजेंसी : रांची



रांची के सदर थाना क्षेत्र स्थित कोकर में रामलखन सिंह कॉलेज के पास मंगलवार सुबह तीन बजे सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गयी है। जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल बताये जा रहे हैं। मृतकों की पहचान सुजीत सिंकू, पृथ्वी सहदेव और अग्नि बेसरा के रूप में हुई है। सभी जमशेदपुर के रहने वाले थे। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। जानकारी के अनुसार जमशेदपुर से आ रही स्कॉर्पियो ने रामलखन सिंह कॉलेज के पास खड़े ट्रक के पिछले हिस्से में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गये। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस और स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत और बचाव का काम शुरू किया और घायलों को काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। घायलों को अस्पताल भेजा गया। सदर थाना प्रभारी कुलदीप कुमार ने बताया कि दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हुई है।

## अपराधियों ने दो हाईवा और एक पोकलेन में लगाई आग, पुलिस जांच में जुटी

एजेंसी : रांची

**पलामू।** जिले के हरिहरगंज थाना क्षेत्र में अज्ञात अपराधियों ने दो हाईवा और एक पोकलेन में आग लगा दी। घटना जगदीशपुर में हुई। हाइवा और पोकलेन सड़क निर्माण कार्य में लगे हुए थे। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और इलाके में सर्च ऑपरेशन चला रही है। घटना सोमवार रात की है। जानकारी के अनुसार सात से आठ की संख्या में आए अपराधियों ने जगदीशपुर प्राथमिक विद्यालय के पास लगाए गए एक पोकलेन,दो हाइवा में आग लगा दी। तीनों वाहन सड़क निर्माण कार्य में लगे हुए थे। आग लगाने से पहले हाइवा और पोकलेन में मौजूद मजदूरों को धमकाया और उन्हें वहां से हटाकर आग लगा दी गई। तीनों वाहन हरिहरगंज के तेंदुआ से कुल्हिया इलाके तक चल रहे सड़क निर्माण कार्य में लगे थे। आगजनी की घटना को अंजाम देने के बाद सभी लोग फरार हो गए है। हरिहरगंज के पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने मंगलवार सुबह घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि पता लगाया जा रहा है कि घटना के पीछे किनका हाथ है। पूरे इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। पुलिस मामले के सभी एंगल पर जांच कर रही है। पुलिस बल घटनास्थल पर कैंप कर रही है। दरअसल, जिस इलाके में यह घटना हुई, वह बिहार सीमा से सटा हुआ है। घटना के पीछे अपराधी शामिल हैं या नक्सली यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। सड़क निर्माण कंपनी के लोगों से पूछताछ की जा रही है। घटना के पहले किसी तरह की लेवी की मांग की गयी थी या नहीं इस एंगल पर भी जांच हो रही है।

## पीवीयूएनएल ने 800 मेगावाट की इकाई को ग्रिड से जोड़ा

एजेंसी : रांची



**रामगढ़।** झारखंड की ऊर्जा क्षमता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। पतरातू सुपर थर्मल पावर फेज-1 प्रोजेक्ट की पहली 800 मेगावाट यूनिट को मंगलवार को सफलतापूर्वक ग्रिड से जोड़ दिया गया। यह मील का पत्थर भारत की ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पीवीयूएनएल के सीईओ आर. के. सिंह ने इस सफलता के लिए पीवीयूएनएल , एनटीपीसी और बीएचईएल की टीमों के अटूट प्रयासों, समर्पण और दृढ़ संकल्प की सराहना की। उन्होंने प्रोजेक्ट, ओ एंड एम, कमीशनिंग, सर्विसेज विभागों, सहयोगियों, सहायक कर्मचारियों और अन्य हितधारकों के योगदान को भी मान्यता दी, जिन्होंने इस लक्ष्य को हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पीवीयूएनएल का अगला लक्ष्य इकाई एक के लिए इस वित्तीय वर्ष के भीतर वाणिज्यिक संचालन तिथि प्राप्त करना है। इसके अलावा, कंपनी वित्तीय वर्ष 2025-26 में फेज-1 की बची हुई दो इकाइयों के कमीशनिंग के लिए प्रतिबद्ध है। जिससे भारत की विद्युत उत्पादन क्षमता को और बढ़ावा मिलेगा। पीवीयूएनएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आरके सिंह ने कहा कि यह उपलब्धि रणनीतिक योजना, सहयोग और समर्पण का प्रमाण है। हम राष्ट्र के लिए स्थायी और कुशल ऊर्जा प्रदान करने के अपने मिशन को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर हैं। वही उन्होंने एनटीपीसी के सीनियर मैनेजमेंट और जेबीवीएनएल के सहयोग के लिए भी धन्यवाद किया।

## सुविचार

**अजीब दस्तूर है ज़माने का अच्छी यादें पेनड्राईव में और बुरी यादें दिल में रखते है।**

# सरकारी सेवाएं और गुणवत्ता

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने सरकारी सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के संबंध में जो टिप्पणी की है, वह आम जनता की आवाज है। केंद्र और राज्यों की सत्ता में कई सरकारें आईं और गईं, लेकिन सरकारी सेवाओं की गुणवत्ता में अब तक जो सुधार नजर आना चाहिए था, वह नहीं आया। हाल के कुछ वर्षों में हालात थोड़े बेहतर जरूर हुए हैं। फिर भी सुधार की बड़ी गुंजाइश है। सरकारी सेवाओं की उपलब्धता को लेकर सीधा-सा नियम यह होना चाहिए कि जब कोई सामान्य व्यक्ति किसी दफ्तर में जाए तो उसे जरूर महसूस हो कि मेरी सरकार मेरा ख़याल रखती है। आज कई सरकारी दफ्तरों की हालत यह है कि वहां कर्मचारी और जनता के बीच टकराव देखने को मिलता है। जनता का आरोप रहता है कि जब किसी कर्मचारी से सरकारी सेवाओं के बारे में पूछा जाता है तो संतोषजनक जवाब नहीं मिलता, कहीं-कहीं काम को अटका दिया जाता है, वहीं कर्मचारी का जवाब होता है कि स्टाफ की संख्या कम है, काम का बोझ ज्यादा है। सरकारी दफ्तरों में रिश्वतखोरी एक बड़ी समस्या है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो अपने स्तर पर कार्रवाई जरूर कर रहा है, लेकिन रिश्वतखोरी अपनी जगह बरकरार है। इससे इन्कार नहीं किया जा सकता। यूपीएससी परीक्षाओं की तैयारी कराने वाले एक जानेमाने शिक्षक ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया था कि उनकी कक्षा में एक नौजवान पढ़ाई करने आता था, जिसका पहले ही किसी सरकारी सेवा में चयन हो चुका था। उसका 'दु:ख' यह था कि वहां बहुत भ्रष्टाचार था, मेहनती लोगों की कद्र नहीं थी, इसलिए वह आईएएस या आईपीएस अधिकारी बनकर भ्रष्टाचार को खत्म करना चाहता था। उस नौजवान का चयन आईपीएस के लिए हो गया। कुछ साल बाद उन शिक्षक ने उस नौजवान की तस्वीर अखबार में देखी। पता चला कि वह खुद रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार हो गया!

सरकारी कामकाज में ढिलाई, भ्रष्टाचार जैसी समस्याओं के बारे में मीडिया ने खूब लिखा है। इन समस्याओं से जनता और सरकार, दोनों भलीभांति अवगत हैं। दुर्भाग्य से कुछ दफ्तरों की छवि तो ऐसी बन गई है कि ज्यादातर लोग मानते हैं कि वहां बगैर रिश्वत दिए कोई काम नहीं हो सकता। अगर कोई व्यक्ति रिश्वत नहीं देगा तो उसके दस्तावेजों में तरह-तरह की कमियां निकाली जाएंगी, काम में बाधा पैदा की जाएगी। इन दोनों समस्याओं का पुख्ता समाधान करने की जरूरत है। इसका एक तरीका यह है कि वे सरकारी सेवाएं, जिनका संबंध आम जनता से है, उन सबको डिजिटल कर दिया जाए। एक बार जब आवेदन हो जाए तो निश्चित समय सीमा में वह सेवा उपलब्ध करा दी जाए। इसके लिए संबंधित कर्मचारी की जवाबदेही तय की जाए। अगर आवेदन में कहीं कमी रह जाए तो उसका जवाब डिजिटल तरीके से ही दिया जाए। अगर कहीं कोई कमी नहीं है, फिर भी काम नहीं हो रहा है तो उच्चाधिकारियों को हस्तक्षेप कर कर्मचारी से स्पष्टीकरण मांगना चाहिए। एक और तरीका यह है कि जनता से रेटिंग मांगी जाए। जैसे- भारत के एक मशहूर बैंक ने अपनी सेवाओं को लगातार बेहतर बनाने के लिए खास व्यवस्था कर रखी है कि जब किसी खाता धारक के पास रिलेशनशिप मैनेजर का फोन आता है और बैंकिंग संबंधी विषय पर बात हो जाती है तो बैंक की ओर से एक ईमेल भेजा जाता है। उसमें पूछा जाता है- आप हमारे कर्मचारी के कामकाज और व्यवहार को कितनी रेटिंग देना चाहेंगे? वहां रेटिंग देने के बाद अपनी ओर से भी टिप्पणी कर सकते हैं, जो सीधे एचआर विभाग के पास जाती है। अगर सरकारी सेवाओं के साथ कोई ऐसी व्यवस्था जोड़ दी जाए तो बहुत सुधार देखने को मिल सकता है। जिस कर्मचारी का व्यवहार बहुत अच्छा हो, जो समय पर काम पूरा कर दे, जो जनता का सहयोग करे, उसकी रेटिंग निश्चित रूप से ऊपर जाएगी। इसका उसे पदोन्नति, वेतन वृद्धि और स्थानांतरण आदि में लाभ दिया जाना चाहिए। जिसका प्रदर्शन इसके बिल्कुल विपरीत हो, उसके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। भ्रष्टाचार में लिप्त कर्मचारियों के खिलाफ बहुत सख्त कानूनी प्रावधान होने चाहिएं, ताकि जनता में विश्वास पैदा हो। सरकारी सेवा जनसेवा का माध्यम है। जो कर्मचारी ईमानदारी, शालीनता और सत्यनिष्ठा से अपना कर्तव्य निभाएं, उन्हें सम्मानित करना चाहिए।

## ट्वीटर टॉक



नेशनल आर्काइव्स ऑफ़ इंडिया दुनिया में सबसे बड़े स्तर पर डिजिटलाइजेशन का कार्य कर रहा है। यानी हमारी अमूल्य विरासत की जान और पहचान आधुनिक तकनीक से संरक्षित की जा रही है। अगली पीढ़ियों को भारतीयता समझाने का यह सार्थक प्रयास है।

**-गजेन्द्र सिंह शेखावत**



नागौर में जोधपुर लॉ-यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों की बस पलटने एवं एक अन्य भीषण सड़क हादसे में नागरिकों के हताहत होने एवं कई लोगों के घायल होने का समाचार हृदयविदारक है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान दें ।

**-दीया कुमारी**



हारे का सहारा बाबा खाटू श्याम हमारा! बाबा खाटू श्याम की पावन नगरी 'खाटू धाम' में आये सभी श्याम भक्तों को फाल्गुन एकादशी की शुभकामनाएं। मैं लखदातार से सभी के जीवन में आनंद बिखेरने तथा देश की सुख-समृद्धि व खुशहाली की प्रार्थना करती हूं।

**-वसुंधरा राजे**

## प्रेरक प्रसंग

# कर्मों का खेल

जब रावण ने जटायु के दोनों पंख काट डाले तो गिद्धराज जटायु काल से कहते हैं, 'ए मौत! आगे बढ़ने की कोशिश मत करना। मैं मौत को स्वीकार तो करूंगा, पर प्रभु श्रीराम को सीताहरण की गाथा सुनाने के बाद।' महाभारत के भीष्म पितामह जो महान तपस्वी, नैष्ठिक ब्रह्मचारी हैं, बाणों की शय्या पर लेट कर मौत का इंतजार कर रहे थे। भगवान कृष्ण मिलने जाते हैं तो भीष्म पितामह के द्रौपदी के सम्मान की रक्षा में असफल रहने के कारण मन ही मन भीष्म पितामह पर प्रश्नवाचक दृष्टि डालते हैं और भीष्म पितामह भगवान कृष्ण को देखकर रोते हैं। रामायण का एक अन्य दृश्य है कि गिद्धराज जटायु भगवान की गोद रूपी शय्या पर लेटे हैं, भगवान रो रहे हैं और जटायु हंस रहे हैं। वहीं महाभारत में भीष्म पितामह रो रहे हैं और भगवान कृष्ण हंस रहे हैं। अंत समय में जटायु को भगवान श्रीराम की गोद की शय्या मिली तो भीष्म पितामह को बाणों की शय्या। जटायु अपने कर्म के बल पर अंत समय में भगवान की गोद रूपी शय्या में हंसते हुए प्राण त्याग रहा है दूसरी ओर बाणों की शय्या पर भीष्म पितामह रोते हुए प्राण त्याग रहे हैं।

## सामयिक



**आज उत्तर प्रदेश के युवाओं के सामने पहचान का संकट नहीं है। वे चाहे जहां जाएं। 6 साल में 5 लाख करोड़ से अधिक की औद्योगिक विकास की इकाइयां स्थापित की गयीं। इनमें कई में प्रोडक्शन हो रहा है। किसी ने सोचा भी नहीं होगा कि 35 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव आयेंगे। बेरोजगारी दर जो 2016 में 18 फीसदी थी वह आज 3 से 4 फीसदी है। जितना गन्ना मूल्य भुगतान 2007 से 2017 के बीच हुआ उसका दोगुना योगी सरकार ने 2017 के बाद किया। सरकार 2 लाख 2 हजार करोड़ से अधिक का गन्ना मूल्य भुगतान कर चुकी है। एथनॉल उत्पादन में प्रदेश देश में नंबर 1 पर है। आज 118 करोड़ लीटर एथनॉल उत्पादन यूपी कर रहा है।**

# आठ साल में योगी ने बदली यूपी की तस्वीर

धर्म-दर्शन, कला, विज्ञान के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश कई शताब्दियों तक विश्व के मानचित्र पर चमकता रहा है। राम, कृष्ण और बुद्ध का अवतार इस भूमि पर हुआ था। अनादिकाल से काशी भी शिव की आराधना का केन्द्र रही है। भगवान बुद्ध और महावीर की भी उत्तर प्रदेश कर्मभूमि रही है। प्राकृतिक और मानवीय संसाधनों में उत्तर प्रदेश कभी पिछड़ा प्रदेश नहीं रहा है। यहां तक कि मुगल आक्रांताओं और ब्रिटिश शासन में भी उत्तर प्रदेश की गिनती पिछड़े प्रदेशों में नहीं होती थी। लेकिन देश की आजादी के बाद यह प्रदेश धीरे-धीरे पिछड़ता चला गया और पिछली गैर भाजपा सरकारों के कार्यकाल में इस प्रदेश की गिनती पिछड़े प्रदेशों में होने लगी। समाजवादी पार्टी के शासनकाल में तो उत्तर प्रदेश भ्रष्टाचार, लूटपाट और अराजकता का केन्द्र बन गया था। कोई भी उद्यमी यहां पर उद्योग-धंधों को लगाने से कतराता था। लेकिन योगी आदित्यनाथ के सत्ता की बागडोर संभालने के बाद इस प्रदेश की तस्वीर बदलने लगी। आज यहां पूरी तरह से कानून का शासन है और बड़े-बड़े अपराधियों, माफिया गिरोहों की दुकानें बंद हो गयी हैं। पूरे प्रदेश में अमन चैन के साथ आप इस प्रदेश में कोई भी कारोबार कहीं भी कर सकते हैं। इसका परिणाम आज सबके सामने है। देश की अर्थव्यवस्था में उत्तर प्रदेश का योगदान 9.2 प्रतिशत के साथ दूसरे नम्बर पर है। पिछले आठ साल में उत्तर प्रदेश की तस्वीर पूरी तरह से बदल गयी है। आज योगी आदित्यनाथ की सरकार देश में मिसाल के तौर पर पेश की जाती है।

आज उत्तर प्रदेश उपद्रवियों के लिए नही बल्कि उत्सवों के प्रदेश के रूप में जाना जाता है। अब उत्तर प्रदेश माफिया के लिए नहीं, महोत्सव के लिए जाना जाना जाता है। उत्तर प्रदेश गुंडाराज, माफियाराज, और जंगलराज जैसे शब्द अब अतीत के शब्द बन गये हैं। उत्तर प्रदेश विकास की नई बुलंदियों को छू रहा है। आठ साल में जो परिवर्तन हुआ वो नए यूपी की गाथा को सबके सामने रखता। ये 8 साल यूपी के लिए महत्वपूर्ण रहे। फुल मेजोरिटी की सरकार और स्थिरता, प्रशासन में स्थायित्व आया है। सालों बाद ऐसा हो रहा कि डीएम जिले में कार्यकाल पूरा कर रहे। पहले ताश के पत्तों की तरह फेंटे जाते थे सब। 8 साल में दंगामुक्त प्रदेश, सबसे अच्छा इंफ्रास्ट्रक्चर. 2 करोड़ युवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम करने के लिए टेबलेट और स्मार्टफोन योजना के तहत 20 लाख से अधिक बांट चुके हैं। कोई जिला ऐसा नहीं जहां के युवाओं को बिना भेदभाव के सरकारी नौकरी न मिली हो। कोविड के दौरान बाहर ने आने वाले श्रमिकों और कामगारों को काम मिला। एक लाख 64 हजार से अधिक पुलिस भर्ती बिना जातिवाद और बिना परिवारवाद के हुई।

नीति आयोग द्वारा राज्यों की राजकोषीय स्थिति के संबंधित से प्रकाशित रिपोर्ट में उत्तर प्रदेश को फ्रंट रनर की श्रेणी में रखा गया है। इस रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2018-19 से वर्ष 2022-23 की अवधि में प्रदेश के समेकित 'फिस्कल हेल्थ इंडेक्स' में 8.9 अंकों का इजाफा हुआ है। व्यय की गुणवत्ता में व्यापक सुधार हुआ है, वर्ष 2018 से 23 की अवधि में पूंजीगत व्यय, कुल व्यय के 14.8 प्रतिशत से 19.3 प्रतिशत के मध्य रहा। इस अवधि में यह अनुपात देश के प्रमुख राज्यों के औसत अनुपात से अधिक रहा। देश के सभी राज्यों की स्वयं के कर की प्राप्तियों में उत्तर प्रदेश का अंश वर्ष 2022-2023, 2023-2024 एवं 2024-2025 में क्रमशः 9.9 प्रतिशत, 10.5 प्रतिशत एवं 11.6 प्रतिशत रहा जो महाराष्ट्र के उपरांत देश में सर्वाधिक है। उक्त वर्षों में सभी राज्यों में राजस्व प्राप्तियों के सापेक्ष ब्याज पर व्यय क्रमशः 12.6, 12.3 एवं 12.1 प्रतिशत रहा जबकि उत्तर प्रदेश में यह प्रतिशत 10.3, 9.4 एवं 8.9 रहा।सकल राज्य घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में सभी राज्यों की स्वयं के कर से प्राप्ति का औसत उक्त वर्षों में क्रमशः 6.5, 7.0 और 7.2 प्रतिशत रहा, जबकि उत्तर प्रदेश में यह अनुपात क्रमशः 7.6, 9.8 और 10 प्रतिशत रहा।

आज उत्तर प्रदेश के युवाओं के सामने पहचान का संकट नहीं है। वे चाहे जहां जाएं। 6 साल में 5 लाख करोड़ से अधिक की औद्योगिक विकास की इकाइयां स्थापित की गयीं। इनमें कई में प्रोडक्शन हो रहा है। किसी ने सोचा भी नहीं होगा कि 35 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव आयेंगे। बेरोजगारी दर जो 2016 में 18 फीसदी थी वह आज 3 से 4 फीसदी है। जितना गन्ना मूल्य भुगतान 2007 से 2017 के बीच हुआ उसका दोगुना योगी सरकार ने 2017 के बाद किया। सरकार 2 लाख 2 हजार करोड़ से अधिक का गन्ना मूल्य भुगतान कर चुकी है। एथनॉल उत्पादन में प्रदेश देश में नंबर 1 पर है। आज 118 करोड़ लीटर एथनॉल उत्पादन यूपी कर रहा है।

देश के सर्वाधिक स्मार्टफोन का उत्पादन यूपी में हो रहा है। देश का सबसे बड़ा डेटा सेन्टर यूपी में है। विपक्षी दलों की सरकारों के उदासीन रवैये से संसाधनों से भरपूर होने के बावजूद उत्तर प्रदेश में विकास की रफ्तार सुस्त रही। वहीं 2017 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार आने के बाद प्रदेश में विकास का पहिया तेजी से घूमा है और देश की जीडीपी में प्रदेश की हिस्सेदारी दूसरे नम्बर पर पहुंच गयी। देश का सबसे बड़ा राज्य और सबसे अधिक संसाधन होने के बावजूद 1950 से 2017 तक प्रदेश की जीएसटीपी 12.75 लाख करोड़ तक पहुंच सकी, जबकि 2017 में जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों पर विश्वास जताया और पिछले आठ वर्षो में प्रदेश की जीएसडीपी दोगुना से अधिक होकर 2024-25 में 27.51 लाख करोड़ होने जा रही है।

वर्ष 2023-2024 में देश की जीडीपी की वृद्धि दर 9.6 प्रतिशत है, जबकि उत्तर प्रदेश की वृद्धि दर 11.6 प्रतिशत रही है। 2016-2017 में प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय मात्र 52.271 रुपए थी, वर्ष 2023-2024 में 93.514 रूपये है। 2016-2017 में कुल राजस्व प्राप्तियां 02 लाख 56 हजार रूपये हुई थी। जबकि चालू वित्तीय वर्ष के जनवरी माह तक ही 04 लाख 10 हजार करोड़ से अधिक का राजस्व प्राप्त हो चुका है। आज उत्तर प्रदेश रेवेन्यू सरप्लस स्टेट है। कर अपवंचन को रोका गया है। रेवेन्यू, लीकेज को समाप्त किया गया है। बीते आठ वर्ष में एक भी नया टैक्स नहीं लगाया गया। प्रदेश में डीजल-पेट्रोल की दरें देश में सबसे कम हैं। बावजूद इसके उत्तर प्रदेश रेवेन्यू सरप्लस स्टेट है। आज टैक्स का इस्तेमाल जनता के हित में हो रहा है। जैसे हाईवे बनें, पुल बनें, स्कूल-कालेज बनें, अस्पताल बनें हैं।

उत्तर प्रदेश 400 लाख टन सब्जियों का उत्पादन करते हुए देश में प्रथम स्थान पर है। वर्ष 2016-17 में खाद्यान्न उत्पादकता 27.25 कुंतल प्रति हेक्टेयर थी, जो वर्ष 2023-24 में लगभग 12 प्रतिशत बढ़कर 30.51 कुंतल प्रति हेक्टेयर हो गयी है। तिलहन उत्पादकता वर्ष 2016-17 में मात्र 12.40 लाख मीट्रिक टन थी, वह 2023-24 में 128 प्रतिशत बढ़कर 28.31 लाख मीट्रिक टन हो गयी है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के तहत ढाई करोड़ कृषकों को 80 हजार करोड़ से अधिक की धनराशि उनके खातों में हस्तांतरित की गई है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत वर्ष 2024-25 में माह दिसंबर तक 28.58 लाख कृषकों द्वारा 19.84 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में फसल का बीमा कराया गया है और 9.33 लाख बीमित कृषकों को 495.41 करोड़ की क्षतिपूर्ति का भुगतान किया गया है।

डिजिटल क्रांति का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण बनकर उभरा है उत्तर प्रदेश। 2017-18 में यूपी में जहां 122.84 करोड़ डिजिटल ट्रांजैक्शन हुए थे, वहीं 2024-25 में दिसम्बर 2024 तक 1024.41 करोड़ डिजिटल ट्रांजैक्शन हो चुके हैं। यूपी डिजिटल लेनदेन अपनाने में नंबर एक है। आधे से अधिक लेन-देन यूपीआई से हुए। इसकी वजह डिजिटल बैंकिंग की आसान पहुंच, गांवों तक इंटरनेट, वित्तीय जागरूकता और उपकरणों की पर्याप्त संख्या है।

आज प्रदेश में बैंकों की 20416 शाखाओं, 4,00,932 बैंक मित्र एवं बीसी सखी, 18747 एटीएम और 4,40,095 बैंकिंग केन्द्रों के माध्यम से बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार और बेईमानी पर कठोर प्रहार कर रही है। 11 विभागों की 207 योजनाओं की धनराशि डीबीटी के माध्यम से दी जा रही हैं। इसमें 113 केन्द्रीय योजनाएं और 94 राज्य सेक्टर की योजनाएं हैं। डीबीटी से 09 करोड़ 08 लाख से अधिक लोगों को 01 लाख 11 हजार 637 करोड़ रूपये का भुगतान किया गया। इससे प्रदेश में भ्रष्टाचार पर लगाम लगी है। अप्रैल 2000 से जून 2017 तक 3,303 करोड़ रुपए फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट (एफडीआई) के जरिए यूपी को मिले। वहीं अप्रैल 2017 से सितंबर 2024 तक 14 हजार 8 करोड़ रूपये से अधिक आया है। यह बताता है कि प्रदेश सही दिशा में आगे बढ़ा है।

## नजरिया

# होलिकोत्सव : प्रेम, आत्मीयता एवं समरसता का रंग-पर्व

भारत उत्सवों की भूमि है, त्योहारों की पावन धरा है। यह मंगल कार्यों की आधार पीठिका है और पर्वों की पुण्य प्रभा भी। उत्सव जीवंतता के प्रतीक हैं और उल्लास एवं उमंग के संवाहक भी। उत्सव, तीज-त्योहार और पर्वों का सतत आयोजन किसी समाज की सुख-समृद्धि का संकेत हैं और प्रगति एवं विकास का मानक भी। भारत वर्ष में चैत्र नवरात्रि से नव संवत का आरम्भ होता है और फाल्गुन की पूर्णिमा से चैत्र के पहले पखवारे तक वर्ष के अवसान का समय होता है। वर्ष पर्यंत अनेकानेक उत्सवों का आयोजन और विश्व मंगल की कामना भारतीय सामाजिक एवं सांस्कृतिक व्यवस्था की सुदीर्घ परम्परा का अनिवार्य घटक रहा है। फाल्गुन की पूर्णिमा को होलिका दहन और धुलेंढ़ी को रंग खेलना इस पर्व परम्परा में एक सुखद अनुभूति है। माघ मास की पंचमी से वसंत लोक का द्वार खटखटा सुवासित सौंदर्य की चादर धरती पर बिछा देता है। वसंत प्रेम की, मनुहार की ऋतु है। फागुन में बहती मलय बयार शुष्क मन को भी रससिक्त कर देती है। तभी तो प्रकृति भी उल्लसित हो पुराने पल्लव त्याग नवल रूप धारण कर लेती है। वन-उपवन के नाना वृक्ष पुष्पों और फलों से लद जाते हैं, डालियां विनम्रता से झुक जाती हैं। औषधियां प्राणवान हो उठती हैं। फूलों पर मंडराते भ्रमर दल की गुंजार से लोकजीवन मानो सुमधुर संगीत की धारा में अवगाहन करने लगता है। निर्झर, सरिता एवं सरोवरों का जल निर्मल हो अमियमय हो जाता है। खेतों में फसलें खुशी से नर्तन करती हैं, और उन्हें देख-देख कृषक आह्लादित होते हैं। समाज जीवन में चतुर्दिक नवल सर्जना एवं सहकार के रंग बिखर जाते हैं। कह सकते हैं, रंग पर्व होली सामाजिक समरसता, समता, आत्मीयता और मधुरता का सत्व ग्रहण किए गांव-गांव, नगर-नगर मानो संदेश देती हो कि वाह्य विभेदों से परे होकर हम एकरस, एकरंग और एकात्म हो जायें। यह एक रंग है



मानवता का, परस्पर विश्वास और बंधुत्व का और पारस्परिक समझ एवं साझेपन का।

होली सामाजिक प्रेम-सद्भाव, सौहार्द एवं सहकार का अपनी तरह का अनूठा पर्व है जिसमें धनी-निर्धन, जात-पात एवं भाषा-क्षेत्र के तमाम भेद तिरोहित हो जाते हैं। सभी एक साथ मिलकर फाल्गुन की पूर्णिमा को होलिका दहन करते हैं और अगले दिन धुलेंढ़ी को अबीर-गुलाल उड़ा एक-दूसरे पर रंग डालते हैं, गले मिलते हैं। बुंदेलखंड में होलिका दहन के लिए गाय के गोबर से बल्ले (वृत्ताकार चपटी पट्टी से कटोरे जैसे बनाकर बीच में छेद किया जाता है) बनाये जाते हैं। इनमें एक-एक चंद्रमा और सूरज के बल्ले भी होते हैं। सूखने पर मूंज की सुतली से गूंथ कर सामूहिक होलिका दहन स्थल पर शुभ मुहूर्त के पूर्व सभी अपने बल्लों की माला लेकर एकत्रित होते हैं। एक-एक माला एक-दूसरे से बदल लेते हैं, शेष मालाएं दहन हेतु इकट्ठी की गयी लकड़ी एवं उपलों के ढेर पर समर्पित कर दी जाती हैं। मुहूर्त पर अग्नि प्रज्ज्वलित कर धधकती अग्नि की सभी परिक्रमा करते हैं। नवान्न गेहूं, जौ, चना आदि बांस के अग्रभाग में बांधकर भूनते और प्रसाद ग्रहण करते हैं। बाल्टी या किसी सुरक्षित पात्र में होली की आग घर लाकर घर में सजाई गयी होलिका का दहन करते हैं। घर में माताएं बेसन से परिवार के सभी सदस्यों का उबटन करके होलिका में आरोग्य प्रदान करने की कामना के साथ डाल देती हैं। इस अवसर राई-चोकर मुट्ठी में लेकर सभी के सिर के ऊपर से घुमाकर जलती होलिका में डालते जाते हैं जो चट्ट-चट्ट की आवाज के साथ जलता है। होली अग्नि की आराधना और साधना का पर्व भी है। इस आग को अंगीठी में सुरक्षित कर लेते हैं जो वर्ष पर्यंत चूल्हा जलाने में प्रयोग की जाती है। अंत में मंद आग में एक बड़े लोटा में जल रख देते हैं। सुबह सभी लोग स्नान करते समय लोटे का जल का थोड़ा-थोड़ा प्रयोग करते हैं। सुबह से रंग खेलना आरम्भ हो जाता है। होली के अवसर पर घरों में बेसन-मैदा और खोया से बने पकवान यथा पापड़, मठरी, नमकीन, सेव, खुरमा, खाजा, पूरी, गुझिया, रसगुल्ले आदि बनाये और खिलायें जाते हैं।

होली त्योहार मनाने से सम्बंधित अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग कहानियां भी प्रचलित हैं और होली मनाने एवं रंग खेलने के अपने तरीके तथा परम्पराएं भी। किंतु एक कहानी जो सर्वत्र स्वीकृत और लोक जीवन में रची-बसी है, वह दैत्य राजा हिरणयकशिपु और उसके पुत्र प्रह्लाद से जुड़ी है। ग्रंथों में उल्लेख मिलता है, हिरण्यकशिपु और हिरणयाक्ष दो भाई थे जो अत्यंत बलशाली थे। एक बार हिरण्याक्ष पृथ्वी को लेकर अंतरिक्ष-सिंधु में छिप गया जिसे भगवान विष्णु के वराह अवतार ने मारकर पृथ्वी को मुक्त किया। दूसरे भाई हिरण्यकशिपु ने सत्ता शक्ति में मदांध हो स्वयं को ईश्वर के रूप में प्रजा द्वारा पूजा-आराधना करने हेतु विवश कर रखा था। यहां तक कि विष्णु भक्त अपने पुत्र बालक प्रह्लाद को भगवान विष्णु का पूजन बंद कर स्वयं की पूजा करने का सख्त आदेश दिया। किंतु प्रह्लाद द्वारा मना करने से उसे मृत्युदंड दे अपनी बहिन होलिका, जिसे अग्नि में न जलने का वरदान प्राप्त था, को प्रह्लाद को गोद में लेकर धधकती अग्नि में बैठकर समाप्त करने की जिम्मेदारी दी। दैव योग से होलिका जल गई और प्रह्लाद बच गये।

पुत्र को स्वयं मारने हेतु उद्यत होने पर स्तम्भ से प्रकट होकर भगवान नृसिंह ने प्रह्लाद की प्राण रक्षा की। इस प्रकार अग्नि से प्रह्लाद के सकुशल बचने और होलिका के जल जाने के आनंद में प्रजा ने एक-दूसरे पर रंग डाले और खुशियां मनाई। तब से परम्परा में होलिका दहन करके और रंग-गुलाल उड़ाकर खुशी प्रकट की जाने लगी। वैसे देखा जाये तो प्रतीक अर्थ में होलिका कटुता, कलुषता, विषमता, ईर्ष्या-द्वेष एवं अन्याय का प्रतीक है और प्रह्लाद आनंद, खुशी एवं उल्लास का। जब कटुता-कलुषता आदि बुराईयों का कूड़ा-कचरा और लकड़ियां जलाई जाती है तभी समाज में समता, प्रेम, मधुरता एवं न्याय का वातावरण तैयार होता है। होली के इस प्रेम, आत्मीयता-मधुरता भरे पावन पर्व पर हम परिवार, समाज एवं राष्ट्र की प्रगति के लिए तमाम बुराईयों, कुरीतियों एवं जड रूढ़ियों का दहन कर मानवीय मूल्यों के पोषक, सह-अस्तित्व का भाव सहेजे और सामूहिकता का राग साधे सतत अग्रसर समाज निर्माण का संकल्प लें, यही मंगल कामना करता हूं।

न्यूज़ अपडेट

## बीएड कॉलेज गोड्डा व साहेबगंज की रद्द की गई मान्यता को खत्म करने के लिए शीघ्र राज्यपाल से करेंगे मुलाकात



**दुमका।** जिला परिषद सदस्य रानीश्वर व भाजपा कार्यकर्ता विमान सिंह ने कहा कि सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका के अंतर्गत संचालित बीएड कॉलेज गोड्डा व साहेबगंज की मान्यता रद्द होने की खबर अत्यंत दुखद और शर्मशार करने वाली है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय और कॉलेज छात्रों से एनसीटीई नॉम्स के आधार पर फ़ी की वसूली की जाती है बावजूद नॉर्म्स को पूरा नहीं करना विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ से कुछ भी कम नहीं है। उन्होंने कहा कि दुमका बीएड कॉलेज की भी मान्यता रद्द होने का खतरा मंडरा रहा है। जिला परिषद सदस्य विमान सिंह ने कहा कि विश्विविद्यालय प्रशासन के द्वारा जल्द से जल्द सारी कमियों को दूर कर उपरोक्त कॉलेजों की मान्यता बहाल की जाय वरना बहुत जल्द विश्वविद्यालय से राजभवन तक आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राजभवन राँची से प्रभारी वीसी की जगह स्थाई वीसी की बहाली की मांग की जाएगी। श्री सिंह ने कहा कि रानीश्वर में जल्द से जल्द बीएड या बीपीएड कॉलेज खोलने की मांग को लेकर भी आंदोलन किया जाएगा ।

जिलापरिषद सदस्य विमान सिंह ने कहा कि जल्द ही सारे विषय को लेकर वे राज्यपाल झारखंड से मिलेंगे तथा वस्तुस्थिती से उन्हें अवगत कराते हुए रानीश्वर में बीएड कॉलेज / बीपीएड कॉलेज की मांग को प्राथमिकता के आधार पर उठाएँगे।

## रंग बरसे सीज़न- 2: 13 मार्च को आउटडोर स्टेडियम में होली का रंगारंग उत्सव




**दुमका।** 13 मार्च को होली के अवसर पर दुमका में एक भव्य और रंगारंग कार्यक्रम ₹रंग बरसे सीज़न 2₹ का आयोजन किया जा रहा है। दुमका मेरी जान और दुमका डायरी के संयुक्त प्रयास से आयोजित यह कार्यक्रम शहर के आउटडोर स्टेडियम में सुबह 11 बजे से दोपहर 4 बजे तक चलेगा।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण दिल्ली से आई ढोल टीम होगी, जो अपने शानदार बीट्स से होली के जश्न को और जोशीला बनाएगी। इसके अलावा, एक विशेष ₹कबानार₹ हट भी आकर्षण का केंद्र रहेगा, जहां लोग बैठकर होली का आनंद ले सकेंगे।

सुरक्षा के मद्देनजर, आयोजन स्थल पर 40 महिला और पुरुष बाउंसर तैनात किए गए हैं, जबकि 50 वॉलंटियर्स कार्यक्रम के सुचारू संचालन में सहयोग करेंगे। पूरे परिसर में सीसीटीवी निगरानी की व्यवस्था की गई है, जिससे आए हुए लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

उत्सव को और भी रंगीन बनाने के लिए रेन डांस सेटअप तैयार किया गया है, जहां लोग संगीत की धुन पर पानी के फुहारों के बीच होली का मजा ले सकेंगे। साथ ही, जगह-जगह सेल्फी प्वाइंट्स बनाए गए हैं, ताकि लोग खूबसूरत यादें संजो सकें। आयोजन स्थल को भव्य और आकर्षक तरीके से सजाया जा रहा है, जिससे माहौल पूरी तरह होलीमय हो जाए।

इस प्रेस वार्ता में आदित्य राज, ओमदत्त तिवारी, बलवंत सिंह और पीयूष कुमार साह उपस्थित थे, जिन्होंने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी और सभी लोगों को इसमें शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।

## जिले के मोहनपुर प्रखंड में सजगता से रोका गया बाल विवाह...

**देवघरः-** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी विशाल के निर्देशानुसार देवघर जिले के मोहनपुर प्रखंड के बांक गांव में एक बाल विवाह रोका गया, जिसमे बच्ची की उम्र 15 वर्ष थी। ऐसे में जिला प्रशासन द्वारा जुड़े गैर सरकारी संस्थान से जानकारी प्राप्त हुई और जिला महिला एवं बाल विकास पदाधिकारी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए शादी को रोका गया। इसके अलावे जिले के दस प्रखंडों व 194 पंचायतों में जिला प्रशासन बाल विवाह रोकने के लिए कृतसंकल्पित हैं। साथ ही जिलावासियों से आग्रह है कि लोगों को अपने स्तर से जागरूक करते हुए अपने बच्चों की शादी सही उम्र में कराएं, अपने बेटी एवं बेटे को सामान शिक्षा के अवसर दें और अपने आस पास किसी भी बाल विवाह की जानकारी चाईल्डलाईन के टोल फ्री नंबर 1098 पर या जिला बाल संरक्षण अधिकारी के अलावा प्रखंड स्तर पर प्रखंड विकास अधिकारी या बाल विकास परियोजना अधिकारी को दें, ताकि जिला प्रशासन द्वारा त्वरित कार्यवाही की जा सके।

## अबुवा आवास योजना के तहत अबतक 55320000 रुपये की राशि लाभुको के खाते में हस्तांतरितः- उपायुक्त

**देवघरः-** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी विशाल सागर के निर्देशानुसार राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अबुवा आवास योजना के तहत बुधवार को देवघर जिला अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-25 हेतु देवीपुर 08, करौं 89, मारगोमुण्डा 03, मोहनपुर 18, सारठ 310, सारवां 73 एवं सोनारायठाड़ी 35 कुल 536 लाभुकों के बीच प्रथम ×िकस्त की राशि कुल 26800000 विमुक्त की जा चुकी है।इसके अलावा अबुवा आवास योजना के तहत तीसरी ×िकस्त को लेकर देवीपुर 09, करौं 03, मारगोमुण्डा 03, मोहनपुर 19, सारठ 182, सारवां 27 एवं सोनारायठाड़ी 20 कुल 263 लाभुकों के बीच 26300000 रुपये की राशि विमुक्त की गई है। इसके अलावा आज चौथे किस्त की राशि कुल 111 लाभुकों के खाते में 2220000 रूपये भेजी गई। साथ ही शेष बचे लाभुकों के बीच राशि का हस्तांतरण किया जा रहा है। साथ ही इससे पूर्व लगातर लाभुको के बीच प्रथम, द्वतीय, तृतीय, चतुर्थ किस्त की राशि प्रदान की जा चुकी हैं।

# आरोग्य दूतों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के निमित्त सम्मान समारोह का आयोजन

**दुमका।**




समहरणालय सभागार दुमका में उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में आयुष्मान भारत के अंतर्गत चल रहे विधालय स्वास्थ्य एंव कल्याण कार्यक्रम के तहत जिले के सभी 10 प्रखंडों में से एक-एक प्रखंड के 5 अदद विधालयों के 2-2 आरोग्य दुतों (कुल 100 आरोग्य दूतों) को उनके कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

जिसमें तकनीकी सहायता सी 3 के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे, सिविल सर्जन बीपी सिंह एवं डी आई ई टी मधुश्री कुमारी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उसके बाद सिविल सर्जन दुमका द्वारा विधालय स्वास्थ्य एंव कल्याण कार्यक्रम के विषय में विस्तृत रुप से जानकारी दिया गया।

उपायुक्त ने कार्यक्रम में आए सभी आरोग्य दुतों को इस कार्यक्रम को और बेहतर करने हेतु निदेश दिया तथा उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सभी को प्रंशसा पत्र एवं पुरुस्कार देकर सम्मानित किया। उक्त कार्यक्रम में स्वास्थय विभाग से राकेश आन्नद (डीपीएम), रविन्द्र सिँह (डीएएम) , शैलेश सिन्हा (जिला समन्यवक आर के एस के), मृत्युजंय सांडिल (क्षेत्रीय समन्यवक), शिक्षा विभाग से डाइट सदस्य मधुश्री कुमारी एवं सभी प्रखण्ड से कुल 100 आरोग्य दुत एवं सी-3 से कुन्दन सिंह (जिला समन्यवक) और अन्य मौजुद रह कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## मॉडल कॉलेज राजमहल में सौर ऊर्जा, मदर केयर सेंटर, जीवाश्म संग्रहालय व उच्च तकनीक सुविधाओं का कुलपति ने किया उद्घाटन






**दुमका।**

सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका के कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह ने मंगलवार को मॉडल कॉलेज राजमल परिसर में सौर ऊर्जा, मदर केयर सेंटर, जीवाश्म संग्रहालय और उच्च तकनीक सुविधाओं का उद्घाटन किया। मॉडल कॉलेज राजमहल एसकेएमयू का अंगीभूत कॉलेज है।

यह कॉलेज अब पूरी तरह सौर ऊर्जा से संचालित होगा, जिससे न सिर्फ बिजली की बचत होगी बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी बड़ा कदम उठाया जाएगा। छात्र-छात्राओं और युवाओं की फिटनेस को प्राथमिकता देते हुए मंगलवार को आधुनिक ओपन जिम की शुरुआत की गई है।

इस जिम में अत्याधुनिक फिटनेस उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं, ताकि छात्र-छात्राएं अपने स्वास्थ्य का ख्याल रख सकें और ऊर्जावान जीवनशैली अपना सकें। तकनीकी विकास को प्रोत्साहित करते हुए कॉलेज में मुफ्त वाई-फाई की सुविधा शुरू की गई, ताकि छात्र-छात्राएं बिना किसी बाधा के ऑनलाइन पढ़ाई कर सकें। साथ ही उन्नत कंप्यूटर लैब का उद्घाटन किया गया, जिससे छात्रों को आधुनिक तकनीकी शिक्षा का लाभ मिलेगा।

मदर केयर सेंटर की स्थापना छात्राओं की जरूरतों को समझते हुए की गई इसके अलावा राजमहल पहाड़ी जीवाश्म संग्रहालय की स्थापना की गई। यह संग्रहालय क्षेत्र की भूवैज्ञानिक विशेषताओं और प्राचीन जीवाश्मों के बारे में जानकारी प्रदान करेगा, जिसका लाभ छात्र और शोधकर्ताओं को मिलेगा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका के कुलपति प्रो (डॉ) बिमल प्रसाद सिंह शामिल हुए, जबकि रजिस्ट्रार डॉ राजीव कुमार, डीएफओ प्रबल गर्ग और राजमहल एसडीओ अति विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे।

प्राचार्य डॉ रंजीत सिंह ने स्वागत भाषण दिया और सभी अतिथियों का स्वागत शॉल और स्मृति चिन्ह देकर किया गया। अपने संबोधन में रजिस्ट्रार ने कॉलेज के क्रमिक विकास की ओर ध्यान आकर्षित किया। अपने संबोधन में कुलपति ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें नियमित रूप से कक्षाएं लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि कॉलेज में सभी सुविधाएं हैं, आपको कॉलेज में अपनी भागीदारी बढ़ानी चाहिए।

## एसकेएमयू में वनस्पति विज्ञान का कार्यशाला संपन्न





**दुमका।**

एसकेएमयू दुमका के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला दिन मंगलवार को सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इस कार्यशाला में बॉटनिकल सर्वे ऑफ इंडिया के वैज्ञानिकों ने पौधों की पहचान, नामांकन और हर्बेरियम बनाने के तकनीकी तरीकों पर विस्तृत जानकारी दी।

कार्यशाला के दूसरे दिन, डॉ. श्याम बिस्वा और उनके सहयोगियों ने हर्बेरियम तैयार करने के तकनीकी पहलुओं पर व्याख्यान दिया और एक प्रदर्शनी का आयोजन भी किया, जिसमें सूखे पौधों के नमूनों को संरक्षित करने के लिए विभिन्न उपकरणों का उपयोग किया गया। इसके बाद, डॉ. गोपाल कृष्णा ने वनस्पति नामकरण के सिद्धांतों, अर्थ और नियमों की विस्तृत व्याख्या की।

कार्यशाला के समापन पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

वनस्पति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष, डॉ. एस.एल. बोंडिया ने कार्यशाला की पूरी रिपोर्ट डॉ. जीवन सिंह जलाल को सौंपा। रिसर्च स्कॉलर, अनु मोनिका मुर्मू ने कार्यशाला के बारे में फीडबैक दिया और प्रोफ़ेसर बसकी नीरज ने धन्यवाद ज्ञापन किया।बी इस आई से आए वैज्ञानिकों को स्मृति भेंट के रूप में आर आर न्यूज़ भारत की ओर से उन्हें बाबा बासुकीनाथ के शिवलिंग की प्रतिमा भेंट की गई।

इस कार्यशाला में बॉटनिकल सर्वे ऑफ इंडिया के वैज्ञानिकों के साथ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर, रिसर्च स्कॉलर और छात्र-छात्राएं भी शामिल हुए। यह कार्यशाला वनस्पति विज्ञान के क्षेत्र में शोध और ज्ञान के प्रसार में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

## जिले के मोहनपुर प्रखंड में सजगता से रोका गया बाल विवाह....

**देवघर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी विशाल के निर्देशानुसार देवघर जिले के मोहनपुर प्रखंड के बांक गांव में एक बाल विवाह रोका गया, जिसमे बच्ची की उम्र 15 वर्ष थी। ऐसे में जिला प्रशासन द्वारा जुड़े गैर सरकारी संस्थान से जानकारी प्राप्त हुई और जिला महिला एवं बाल विकास पदाधिकारी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए शादी को रोका गया।

जिले के दस प्रखंडों व 194 पंचायतों में जिला प्रसाशन बाल विवाह रोकने के लिए कृतसंकल्पित हैं। साथ ही जिलावासियों से आग्रह है कि लोगों को अपने स्तर से जागरूक करते हुए अपने बच्चों की शादी सही उम्र में कराएं, अपने बेटी एवं बेटे को सामान शिक्षा के अवसर दें और अपने आस पास किसी भी बाल विवाह की जानकारी चाईल्डलाईन के टोल फ्री नंबर 1098 पर या जिला बाल संरक्षण अधिकारी के अलावा प्रखंड स्तर पर प्रखंड विकास अधिकारी या बाल विकास परियोजना अधिकारी को दें, ताकि जिला प्रशासन द्वारा त्वरित कार्यवाही की जा सके।




## अनहद कृति वार्षिकोत्सवः 'विश्व-शांति, सहकार के सरोकार' हिन्दी-गोष्ठी मियामी में







**डॉ. अमरेन्द्र सुमन/दुमका।**

वैश्विक स्तर पर प्रसिद्ध हिंदी त्रैमासिकी साहित्यिक ई-पत्रिका अनहद कृति के तत्वावधान में 09 मार्च 2025 को मियामी (फ्लोरिडा) अमेरिका में 'विश्व-शांति एवं सहकार के सरोकारः साहित्यिक संध्या' गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें अंबाला (हरियाणा) भारत से अपनी बेटी विभा चसवाल के यहाँ मियामी, अमेरिका में मिलने आए 'अनहद कृति ई-पत्रिका' के संपादक-द्वय पुष्पराज चसवाल एवं डॉ प्रेमलता चसवाल 'प्रेमपुष्प' के साथ, अमेरिका के मियामी में रहने वाले प्रवासी भारतीयों ने भागीदारी की।

विश्व-शांति के आवाहन की इस गोष्ठी में मियामी के हिंदी प्रेमी सुधिजनों की भागीदारी, विश्व-शांति एवं सद्भावना के प्रति समर्पित भाव लिए दिखाई पड़ी। उल्लेखनीय है, कि इसी उद्देश्य व नाम से, मियामी में अनहद कृति की पहली काव्य-संध्या, 15 मार्च 2022 को आयोजित की गई थी, जिसमें अनहद कृति से जुड़ी वर्जीनिया प्रांत की ग़ज़लकार विनीता तिवारी ने स्मरणीय सहभागिता अंकित की थी। जबकि उस संगोष्ठी में बच्चों समेत ग्यारह हिन्दी प्रेमियों की सहभागिता रही थी, अनहद कृति की, मियामी में इस पाँचवी हिन्दी-बैठक में, लगभग पैंतीस हिन्दी प्रेमियों का जमावड़ा रहा। अपने साथ जुड़ रहे मियामी में बसे हिन्दी-प्रेमियों के साथ, अनहद कृति ई-पत्रिका ने, प्रकाशन-वर्ष तेरह में पदार्पण के इस अवसर को, महिला-दिवस-विशेष सप्ताहांत पर, 09 मार्च को, 'मैथिसन हैमक्स पार्क' में घने पेड़ों की छाँव तले हिन्दी की काव्य-संध्या, 'विश्व-शांति और सहकार के सरोकार' आयोजित कर के मनाया।

गोष्ठी का आगाज़ बुद्धिविधात्री मां शारदा के निमित्त प्रार्थना द्वारा किया गया जिसमें बाल-प्रतिभागियों त्विशा-तन्वी-विग्नेश ने सरस्वती वंदना और गणेश स्तुति के श्लोक गाए। मंच-संचालन विभा चसवाल ने किया, अनहद कृति ई-पत्रिका के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए स्पष्ट किया कि आज की यह गोष्ठी एक परिचर्चा की तरह होगी। विभा ने स्पष्ट किया कि अनहद कृति ई-पत्रिका 23 मार्च 2013 शहीदी दिवस पर लोकार्पित अपने पहले अंक से ही, खुले मन से उभरते, प्रतिष्ठित एवं भूले-बिसरे रचनाकारों की दुर्लभ रचनाओं को विश्व पटल पर लाने का संकल्प लिए, साहित्य के माध्यम से कई सामाजिक सरोकारों से जुड़ी हुई पत्रिका है। इन उद्देश्यों के लिए अपने छोटे-बड़े प्रयासों में निरंतर संलग्न रहती है।

दोपहर के दो बजे से शाम के सात बजे तक चली इस हिंदी की गोष्ठी का कार्यक्रम अनहद कृति की रचनाओं से शुरू हुआ, जिसमें इस बार सबसे पहले संपादक पुष्पराज चसवाल ने अपनी कविता 'मानव हो तुम/मानव हम हैं/मानवता की बात करें' और 'आओ हम अंतर्मन के द्वार खोलें/जड़ीभूत संस्कारों को बोलें/बहने दो/ नई हवा बहने दो' के साथ श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर, बंधुत्व और समीचीन बदलाव का संदेश साँझा किया। इसके बाद पुष्पराज चसवाल की पुरस्कृत अनुवादित पुस्तक 'महात्मा, मार्टिन और मंडेला' के बारे में बताते हुए गांधी जी के 'भारत छोड़ो' भाषण के भाग 'असली आज़ादी/र्शी' र्शीड्ढिं' को पुस्तक से शब्दशः पढ़ के पुष्पराज चसवाल और विभा ने, महात्मा गांधी द्वारा दिये गये 'सभी के लिए पूर्ण आज़ादी' के उत्कट संदेश को साँझा किया। अनहद कृति के कार्यक्रमों में चसवाल-परिवार की पहचान उनके साथ जुड़ रहे नए हिन्दी-प्रेमियों से होती ही है, इस कड़ी में इस बार विजया त्रिपाठी, ललिता-एवं-दामोदर अग्रवाल, हेमावती शर्मा, पुनीता-एवं-चंद्रप्रकाश शर्मा, जानकी शर्मा, मेघा गुप्ता, अनीता गांधी, अरुणा-एवं-रमेश शर्मा, अमरजीत साहनी और लेखिका स्वाति बग्गा के नाम जुड़े। नये जुड़े साथियों ने अनहद कृति के रचनाकारों की कुछ रचनाएँ भी प्रस्तुत की - विजया त्रिपाठी ने अंक 43 से, गीतकार विजय कुमार सिंह के गीत 'चल तिमिर में दीप धर दें' प्रस्तुत किया और अनहद कृति परिवार के राजेश मुरली ने अंक 45 से महेश चंद्र द्विवेदी की कविता 'ईश्वर! तू मानव का आभार कर/मानव तेरा स्त्रजक है/अपने स्त्रजक की अज्ञानता का/ तू न स्वहित में व्यापार कर' का पाठ किया। कर्नाटक-मूल के राजेश मुरली की प्रभावी प्रस्तुति भाषा-प्रदेश की सीमाओं से आगे, कविता-प्रेम में डूबी प्रतीत हुई, उनकी इस पहली बार हिंदी में प्रस्तुति की खूब सराहना हुई। इसके बाद संपादिका डॉ प्रेमलता 'प्रेमपुष्प' ने अपने गीत 'मन में गीतों की लड़िया हैं इस मन को खोल/वाणी ही तेरी ताक़त है, रे/ कुछ तो बोल' की सुंदर लयबद्ध प्रस्तुति की और सभी को साथ गाने के लिए उत्साहित किया, उन्मुक्त अभिव्यक्ति की ताक़त को समर्पित गीत के बोलों की सामूहिक आवाज़ जब प्राकृतिक वातावरण में गुंजायमान हुई तो जैसे विश्व-शांति के उद्देश्य हर दिशा में अग्रसर दिखे। इस गीत के बाद डॉ प्रेमलता ने सभी के अंदर के कवि को जगाती हुई अपनी कविता 'मेरी बात सुनो' का सुंदर पाठ किया। विभा चसवाल ने अपनी कविता 'रेफ़्यूजी' का पाठ किया, और देश-जाति-नस्ल-औक़ात-धर्म-प्रांत-भाषा के अलग-अलग खेमों में बंटे मानवीय समुदाय को, इतिहास के काले-अध्यायों और तत्कालीन युद्धों के उदाहरण दे, इन लकीरों को मिटाने की संवेदनशील गुहार लगाई। अनहद कृति के साथ जुड़े कवि राजेंद्र खरे की कविता 'रुस और यूक्रेन के लोग' के बारे में सबको बताते हुए अनहद कृति ई-पत्रिका से काव्य-पाठन का समापन हुआ। हिन्दी गोष्ठी को नया मोड़ देते हुए विभा चसवाल ने भरतनाट्यम गुरु हेमावती शर्मा को निमंत्रित कर उनके तीन दशक से लंबे नृत्य-कला सेवा, समर्पण एवं दीक्षा के बारे में बताया। डॉ प्रेमलता की कविता 'सत्यम् शिवम् सुंदरम्' के एक बंद को गुरु हेमावती शर्मा ने भरतनाट्यम नृत्य में भाव-भंगिमाओं के साथ, 'ऐ महाकाल! तू जाग आज/समाधि त्याग कर देख ज़रा/धरती पर पड़ी बड़ी दरारें पाट ज़रा!' इस ओजमायी कविता की ऊर्जावान नाट्य-प्रस्तुति की। इसके बार उनके भरतनाट्यम स्कूल 'नृत्या अकादमी' के बच्चों त्विशा-तन्वी-रिया-नायला-आरना-माया ने चसवाल-परिवार के अग्रज, अनहद कृति की प्रेरणा, बलराम चसवाल कृत 'सरस्वती वंदना' की नृत्य-प्रस्तुति कर सबका मन मोह लिया। सरस्वती-वंदना के इस नृत्य की प्रस्तुति गुरु हेमावती शर्मा की दीक्षा में त्विशा-एवं-तन्वी ने साहित्याश्रय-2023 में भारत में की थी।

इसके बाद खुले मंच की प्रस्तुतियों में पुनीता शर्मा ने अपनी सुरीली आवाज़ में दो ग़ज़लें प्रस्तुत की, दामोदर अग्रवाल ने बताया कि आज इस समरोह के लिये पाँच दशकों के बाद उन्होंने हिन्दी में कविता लिखी है, और अपनी कविता में महिला-शक्ति को 'मानवता की ध्वजा' संज्ञा से अभिभूत किया! अनहद कृति परिवार ने उनके इस स्नेहिल प्रयास की अनुशंसा की। ऋषिका दासवानी ने उनकी पसंदीदा, अनजान कवि की 'छोटी-बड़ी-खुशी' नामक कविता पढ़ी। लेखिका स्वाति बग्गा ने स्वरचित सनातन-मूल्यों को समर्पित कविता का पाठ किया। पम्मी साहनी, अरुणा और कात्यायनी भटनागर ने भी भावप्रवण प्रस्तुतियाँ की। अनहद कृति के स्तंभ 'मेरी राय में' जो हमारे सजग बच्चों की 'सोच' का पन्ना है, वहाँ से तन्वी-त्विशा-विग्नेश और आन्या ने अपनी राय की प्रस्तुति की - जिनमें व्यावहारिकता, करुणा, सुकर्म, विश्व-शांति के संदेश भर-भर के समाहित थे।

संपादक-द्वय चसवाल-दंपति ने गुरु हेमावती शर्मा को साहित्याश्रय-2023 के गोंड-आदिवासी-कला के स्मृति-चिन्ह से सम्मानित किया। दोपहर से शाम तक, औसतन पाँच घंटे चली इस सार्थक काव्य-संध्या में सूर्य की सुनहली किरणों में डा.प्रेमलता चसवाल ने सभी आगंतुक काव्य-रसिक हिंदी प्रेमियों का धन्यवाद किया, जिन्होंने यहाँ सुदूर देश में अपनी भाषा एवं संस्कृति के प्रति समर्पित भाव से एकत्रित होकर काव्य-गोष्ठी को सफल बनाया। शायद यह काव्य रसास्वादन और भी चलता यदि पार्क के बंद होने की समय-सीमा न होती।

न्यूज़ अपडेट

## सरहुल धूमधाम से मनाने का निर्णय

चूरचू मे आदिवासी संघर्ष मोर्चा के बैठक मंगलवार को चपरी मोड़ में हुई. इसकी अध्यक्षता लालचंद बेदिया ने की. बैठक में 30 मार्च को चपरी मोड़ में सरहुल पर्व धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया. - इससे संबंधित कई बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गयी. इसका संचालन सुभाष बेदिया ने - किया. बैठक में देवकीनंदन बेदिया, बैजनाथ बेदिया, छोटन मुंडा, लाका बेदिया, रामवृक्ष बेदिया, प्रयाग बेदिया, रोहित बेदिया, अभिषेक बेदिया, योगेंद्र बेदिया, लाल कुमार बेदिया, कुलदीप बेदिया, वंशी बेदिया उपस्थित थे।

## खनन विस्थापित प्रभावित क्षेत्र में कंपनी करें पेयजल की सुविधा : रौशन लाल चौधरी

● खनन प्रभावित गांवों में पेयजल संकट समाधान की मांग को लेकर विधायक ने सदन में उठाया आवाज

**बड़कागांव** । हजारीबाग जिले के बड़कागांव और केरेडारी प्रखंड में एनटीपीसी एवं रामगढ़ जिले के सीसीएल के खनन क्षेत्रों में उत्पन्न जल समस्या को लेकर सदन में आवाज उठाया। बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने सदन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि कॉल कंपनियां के खनन की वजह से भूगर्भ जल स्तर



में भारी गिरावट के कारण फरवरी-मार्च से ही पेयजल संकट गहरा गया है। जिसके बाद स्थानीय ग्रामीणों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है बावजूद इसके एनटीपीसी और सीसीएल द्वारा कोई प्रभावी जलापूर्ति योजना संचालित नहीं की जा रही है।

अतः सरकार से आग्रह है कि खनन प्रभावित विस्थापित गांवों में पेयजल आपूर्ति योजना स्वीकृत की जाए और वर्तमान गर्मी के मौसम में एनटीपीसी और सीसीएल के द्वारा आवश्यक सेवा के तहत जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए। ताकि लोगों को राहत मिल सके।

## समाधान भवन में मनाया गया होली मिलन समारोह



**बड़कागांव** । बरवाडीह में स्थित समाधान भवन में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेष वनचौबे की अध्यक्षता में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया । होली मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया, होली गीत गाया एवं स्वादिष्ट पकवान का खूब मजा लिया। इस दौरान मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने प्रखंड वासियों से कहा कि होली भाईचारे का त्यौहार है लोग आपस में मतभेद नहीं बल्कि भाईचारे के साथ शांतिपूर्वक मनाएं । कोई कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व मंत्री योगेंद्र साहू ने लोगों को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी एवं सभी समुदाय से मिलजुलकर शांतिपूर्वक होली मनाने की अपील की। मौके पर चंदर साहू ,गौतम कुशवाहा ,कुलेश्वर राम, प्रभु राम ,सतीश दास लोगों में मुख्य रूप से उपस्थित थे

## सार्वजनिक रामनवमी पूजा समिति गया रोड की हुई बैठक,कमिटी गठन



**प्रतिनिधि बरही**। बरही। मंगलवार को बरही मलाह टोली बड़ा शिव मंदिर के प्रांगण में सार्वजनिक रामनवमी पूजा समिति गया रोड की बैठक आयोजित की गई। जिसमें कई लोग शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता बंगाली निषाद ने किया। इस अवसर पर सर्वसम्मति से रामनवमी पूजा शांति और सौहादपूर्ण मनाने का संकल्प लिया। वहीं सर्वसमिति से कमिटी गठन किया गया। जिसमें राजू निषाद को अध्यक्ष पद के लिए सर्वसम्मति बनाया। उपाध्यक्ष संतोष निषाद, सचिन पप्पू निषाद, उपसचिव महेंद्रनिषाद, कोषाध्यक्ष वासुदेव निषाद, उपकोष्ठ अध्यक्ष दिनेश निषाद को बनाया गया। वहीं संरक्षक में सुरेंद्र निषाद, अशोक निषाद, शिवा निषाद, दिलीप निषाद, प्रदीप निषाद, सुनील निषाद,रंजीत निषाद, गणेश निषाद, राजेश निषाद, राजू निषाद, मुकेश निषाद ,किशोर निषाद, प्रेम निषाद, उमेश निषाद राधा निषाद, अभिषेक निषाद को बनाया गया।

## बरवाडीह मचान में लगी आग मची अपरा तफरी



**बड़कागांव**। हजारीबाग रोड स्थित पंकरी बरवाडीह मनोज साव पिता दुलारचंद साव के मचान में अचानक आग लग गई।आग बुझाने में ग्रामीणों ने भरपूर सहयोग किया।वहीं इसकी सूचना दमकल विभाग को दी तत्पश्चात अग्निशमन वाहन द्वारा मचान पर लगी आग पर पूरी तरह काबू कर ले गई।जिससे हजारोंझ हजार रुपए का नुकसान हुआ।

समय रहते आग पर काबू नहीं होने पर आसपास के घरों को काफी नुकसान होने की आशंका जताई जा रही थी । मचान में आग लगने से पुआल जलकर राख हो गया।

# बरही अनुमंडल पत्रकारों ने किया होली मिलन समारोह

**प्रतिनिधि बरही।**






बरही अनुमंडल के पत्रकारों ने होली चढ़ते होली के खुमार के अवसर पर सौहार्द और भाईचारे को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बरही प्रखंड परिसर स्थित एपीजे अब्दुल कलाम पार्क में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया। समारोह में बरही, चौपारण, बरकट्ठा और पदमा क्षेत्र के कई पत्रकारों ने हिस्सा लिया और एकजुट होकर रंगों के इस त्योहार को हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के कई प्रतिष्ठित प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की। मुख्य अतिथि के रूप में कोबरा बरही 203 के डिप्टी कमांडेंट विक्रांत कुमार उपस्थित रहे। उनके साथ ही जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, प्रमुख मनोज रजक,बरही बीडीओ जयपाल महतो, सीओ अमित किस्कू, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, जिप परिषद सदस्या प्रीति कुमारी, भाजपा नेता रंजीत चंद्रवंशी, संजय दुबे, भामाशाह प्रधानाध्यापक रजनीश पाण्डेय, राजेन्द्र रुखरियार, महेंद्र दुबे, जिला सह मंत्री प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता जैसे गणमान्य लोग भी कार्यक्रम में शामिल हुए। इसके अलावा कई मुखिया और प्रतिनिधियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिनमें मुखिया मोतीलाल चौधरी, मंगलदेव यादव, गोविंद साव, सिकंदर राणा, मनोज कुमार, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, विशेश्वर यादव, छोटन ठाकुर, राजन ओम, मंजीत यादव, मनोहर यादव, रोहित यादव और मनोज केशरी, सचिन कुमार प्रमुख रूप से शामिल थे। इस आयोजन के दौरान सभी ने गुलाल लगाकर और आपसी गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि होली सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि यह समाज में एकता, प्रेम और भाईचारे को मजबूत करने का माध्यम भी है। पत्रकारों ने भी इस अवसर पर समाज में सकारात्मकता और सौहार्द बनाए रखने का संकल्प लिया। होली मिलन समारोह में संगीत और हास्य-व्यंग्य से भरी प्रस्तुतियों ने माहौल को और खुशनुमा बना दिया। कीर्तन मंडली के होली के लचीले गाने की प्रस्तुति में अधिकारियों ने भी जम कर ठुमके लगाए। सभी अतिथियों के लिए विशेष जलपान की भी व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर और मिठाइयां खिलाकर उत्सव का आनंद लिया।

### ● पत्रकारों ने जताया आभार

समारोह के अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों और पत्रकार साथियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समय-समय पर होते रहने चाहिए, जिससे आपसी संबंध और मजबूत हो सकें। इस आयोजन ने बरही अनुमंडल के पत्रकारों और समाज के बीच आपसी सौहार्द और एकता को और मजबूत किया, जिससे आने वाले समय में भी ऐसी सकारात्मक पहल होती रहेंगी।कार्यक्रम को सफल बनाने में जावेद इस्लाम, दयानंद चौरसिया, अजय कुशवाहा, राजदेव गुप्ता, अनुज यादव, अनुज सोनी, सुरेंद्र निषाद अनुज सिंह, अमित सोनी, राकेश रौशन, रितेश कुमार, धनंजय कुमार, पंकज कुमार, जयदीप कुमार सिन्हा, मो. शोएब अख्तर, कृष्णा यादव, रुपेश चंद्रवंशी, पप्पू केशरी के अलावा बरही, चौपारण, बरकट्ठा व पदमा के दर्जनों पत्रकार ने महती भूमिका निभाई।

## बड़कागांव थाना में होली-रमजान को लेकर शांति समिति का हुआ बैठक

**बड़कागांव।**



होली-रमजान त्योहार को शांति पूर्ण संपन्न को लेकर बड़कागांव थाना परिसर में बड़कागांव प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल के अध्यक्षता तथा वरिष्ठ पत्रकार उमेश कुमार दांगी के संचालक में किया गया। शांति समिति की बैठक में सभी सम्मानित व्यक्ति तथा जनप्रतिनिधि लोगों ने अपनी पंचायत के विधि व्यवस्था को लेकर रू-ब-रू से अवगत कराया। वहीं पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि पूर्व विधायक लोकनाथ महतो,प्रमुख फुलवा देवी, बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल, सीओ मनोज कुमार,उपप्रमुख वचनदेव कुमार, थाना प्रभारी नेमधारी रजक, पूर्व प्रमुख टुकेश्वर प्रसाद, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, मुखिया बासुदेव यादव,पंसस प्रभु राम,रंजीत चौबे, कृष्णा राम, उपेंद्र कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, आदित्य सोनी साहू, प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां,पूर्व मुखिया भीखन महतो,दीपक दास, श्रीकांत निराला, रामसेवक सोनी,झमन महतो, किशोर राणा, जानिसार आलम,इंतेसार आलम, सतीश दास सुमन गिरी, इत्यादि दर्जनों लोग शामिल थें।

## माँ विन्ध्यवासिनी कालेज में होली मिलन समारोह

**प्रतिनिधि बरही।**




पदमा प्रखंड स्थित विंध्यवासिनी कॉलेज आफ एजुकेशन के प्रांगण में महाविद्यालय परिवार जिसमें, प्रबंधन के अधिकारीगण, प्राचार्य, प्राध्यापकगण, शिक्षकेतर कर्मचारियों एवं विभिन्न संकाय के प्रशिक्षुओं ने मिलकर रंगारंग कार्यक्रम के साथ स्वादिष्ट पकवानों का आनंद लेते हुए हर्षोल्लास के वातावरण में जमकर होली मनाया। मौके पर प्राचार्ज डॉ. चेतलाल प्रसाद ने कहा कि जिस प्रकार प्रत्येक रंग का अपना महत्व है, रंगों का यह महापर्व होली समाज के प्रत्येक वर्ग में सामंजस्य के महत्व पर जोर देता है। संस्थाध्यक्ष डॉ. अनूप कुमार मेहता ने होली के महत्व को बताते हुए महाविद्यालय परिवार के सदस्यों को अपनी शुभकामनाएं व्यक्त किया। रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले प्रशिक्षुओं में गुनगुन, प्रीत, प्रिया, स्नेहलता, निशांजलि, पम्मी, रूबी, नीतू, काजल, विकी, कृष्णा मोहन, अनन्या, सुमन, श्रीकांत, अभिराज, कामेश्वर, अमित, प्रेरणा, सारिका, अक्षय, अनिता, राजीव रंजन तथा अजय प्रमुख रहे। मंच का संचालन प्रशिक्षु काजल कुमारी ने किया।

# वित्त रहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा के सदस्य शैक्षणिक हड़ताल पर रहे

**श्रमबिन्दु इचाक**



इचाकः वित्त रहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आवाहन पर इचाक प्रखंड के वित्त रहित शिक्षण संस्थाओं ने एक दिवसीय शैक्षणिक हड़ताल पर रहे । जीएम इंटर कॉलेज इचाक , सीएम आदर्श इंटर कॉलेज इचाक , जे एम इंटर कॉलेज उरका , उच्च विद्यालय सिझुआ , सीएम आदर्श उच्च विद्यालय इचाक , उच्च विद्यालय बरकाखुर्द के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी एक दिवसीय शैक्षणिक हड़ताल पर रहे । वित्त रहित शिक्षण संस्थाओं का मांगे विगत 25 से 30 वर्षों से संचालित वित्त रहित संस्थाओं स्कूल कॉलेज का अधिग्रहण किया जाए या तत्काल घाटा अनुदान दिया जाए । हड़ताल को सफल बनाने में जीएम इंटर कॉलेज के प्राचार्य शंभू कुमार , प्रभारी पंकज कुमार , रत्नेश राणा , सीएम आदर्श इंटर कॉलेज के प्राचार्य मनीष कुमार , मनोज कुमार , कैलाश कुमार , उच्च विद्यालय सिझुआ के प्रधानाध्यापिका प्रियंका कुमारी , चंद्रधारी प्रसाद , इंद्रदेव प्रसाद , सुबोध कुमार , रमेश रंजन, रंजीत कुमार, ज्योति कुमारी, ममता कुमारी , कृष्णदेव यादव , सहदेव प्रसाद, मो समीर , सीएम आदर्श उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक जीवन कुमार , योगेश कुमार , जेएम इंटर कॉलेज के प्राचार्य बसंत कुमार मेहता , प्रोफेसर राजेंद्र यादव , उच्च विद्यालय बरकाखुर्द के प्रधानाध्यापक श्रीकांत कुमार के अलावा सैकड़ो शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी एकदिवसीय शैक्षणिक हड़ताल पर रहे ।

## पासवान समाज द्वारा राहु पूजा का आयोजन



**बिरनी गिरिडीह श्रम बिंदु प्रतिनिधि।** बगोदर प्रखंड के बगोदरडीह में पासवान समाज की ओर से आयोजित दो दिवसीय राहु पूजा के मौके पर शामिल हुए गिरिडीह जिप उपाध्यक्ष सह भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष छोटेलाल यादव साथ में,धीरन पासवान, भुवनेश्वर पासवान, हरि पासवान, लखन पासवान, ज्योति पासवान, जितेंद्र पासवान, किशन पासवान, योगेन्द्र पासवान, उमाशंकर पासवान, विजय पासवान, जानकी पासवान,अन्य लोग मौजूद रहे '

## टाटीझरिया के खैरा के युवक की सूरत में सड़क हादसे में मौत, गांव में मातम पसरा

**टाटीझरिया**। थाना क्षेत्र के खैरा के 24 वर्षीय युवक सुनिल कुमार पिता स्व टिकन रविदास सूरत में एक सड़क हादसे का शिकार हो गया। हादसा इतना भयानक था कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक सुनिल इसी वर्ष जनवरी माह में सूरत के एक होटल में काम करने के लिए गया हुआ था। सोमवार शाम वह पैदल काम करने के लिए होटल जा रहा था, तभी एक भारी मिलर वाहन ने उसे अपने चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। सुनिल तीन भाईयों में मंझला था। सुनिल के बडे भाई शंकर कुमार दास और मामा फुरूका निवासी अशोक राम ने बताया कि सुनिल काफी होनहार युवक था। इसी वर्ष उसका शादी होना था। उसका शादी का बात चल रहा था। सुनिल पहले पोकलेन मशीन चलाता था। लेकिन इस काम को छोडकर जनवरी माह में वह होटल में काम करने के लिए सूरत चला गया था। उसका छोटा भाई संतोष कुमार भी सूरत में ही होटल में काम करता है जो शव के साथ घर लौट रहा है। सुनिल का शव बुधवार को गांव पहुंचेगा। गांव के युवक की मौत हादसे में होने की सूचना के बाद खैरा गांव में मातम पसर गया है। उसकी बूढी मां मुनिया मोसमात और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## मृतक के विधवा को मिला प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का लाभ

**श्रमबिन्दु इचाक**




इचाक के बरका कला गांव निवासी मृतक ज्ञानी राणा की पत्नी काजल देवी को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत ली गई बीमा के तहत दो लाख का चेक वितरित गया। झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक गोबर बंदा शाखा के कार्यवाहक क्षेत्रीय प्रबंधक धीरेंद्र कुमार सिंह,शाखा प्रबंधक संजीव कुमार, मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता उप प्रमुख सत्येंद्र मेहता ने मृतक के विधवा काजल देवी को चेक सौंपा। बैंक परिसर में आयोजित सादे समारोह में कार्यवाहक क्षेत्रीय प्रबंधक धीरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक ग्राहकों के सेवा को लेकर हमेशा तत्पर है। उन्होंने बैंक द्वारा चलाए जा रहे बचत योजनाओं की जानकारी देते हुए, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का लाभ लेने की सलाह खाताधारकों को दिया।उन्होंने बताया 456 रुपए की अल्प प्रीमियम देकर खाता धारक लाख चार लाख बीमा राशि का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड, एसआईपी,दुर्घटना बीमा योजना, दोहरा लाभ योजना, रिकरिंग डिपॉजिट तथा हाउसिंग लोन की जानकारी दिया।उन्होंने ग्राहकों से बैंक में शेख बनाने तथा वित्तीय सहायता लेने की सलाह दिया। इस अवसर पर सहायक प्रबंधक प्रीति कुमारी बर्मन खजांची मीनाक्षी मिश्रा, बैंक सखी खुशबू कुमारी, विजय कुमार,मोहम्मद मुस्तकीम,अभिषेक कुमार राणा,रुचि सिंह,रानी सिंह,नीति देवी,प्रियंका सिंह,रीता कुमारी,राम भरोस गोप समेत कई ग्राहक मौजूद थे।

# माता शिव शक्ति गंगा धाम में श्रद्धापूर्वक पूजा अर्चना हुई संपन्न

**श्रमबिन्दु इचाक**





इचाक प्रखंड के डाढा ग्राम में स्थित माता शिव शक्ति गंगा धाम मंदिर में बड़े ही भव्य तरीके से पूजा अर्चना की गई। डाढा मे स्थित माता शिव शक्ति गंगा धाम में मंदिर निर्माण का कार्य गुबंद( मंदिर का ऊपरी हिस्सा)का कार्य पूरा होने पर पूरा गांव मिल कर मंदिर में पंडितों द्वारा पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर मंदिर के ऊपरी हिस्से में नारियल फल चावल प्रसाद एवं पैसों को कलश में रखकर मंदिर के गुबंद में डाला गया। मंदिर के कार्य निर्माण के कारीगर एवं ठेकेदार, और ग्रामीणों को भगवा गमछा दान कर उनका सम्मान दिया गया। तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। मंदिर निर्माण में ग्रामीणों का भरपूर सहयोग रहा। लोग अपने घरों से चंदा इकट्ठा कर मंदिर का निर्माण कर रहे हैं। समाजसेवी सीताराम मेहता ने बताया कि यहां मंदिर का कार्य डाढा देवकली और पोखरिया तीनों गांवों ने मिलकर मंदिर बनाने का निर्णय लिया लेकिन किसी कारणवश देवकुली और पोखरिया के लोगों ने मंदिर निर्माण कार्य में साथ नहीं दे पाए।

समाज सेवी गानों महतो ने बताया कि अभी तक पूरे झारखंड एवं इचाक प्रखंड के नेता लोगों से किसी भी प्रकार का सहायता राशि प्राप्त नहीं हुई है अतः सभी मंत्री गण एवं नेतागणों से आगरह किया है कि वह आगे आए और मंदिर निर्माण कार्य में बढ़-चढ़कर दान दें।

समाज सेवी विक्रम शर्मा ने बताया हमारे पंचायत के प्रवेश द्वार पर ही माता शिव शक्ति गंगा धाम का मंदिर है यह हम सबों का सौभाग्य है अतः हम सब मिलकर मंदिर निर्माण का कार्य को पूरा करेंगे।

मंदिर में पूजा अर्चना के लिए हजारों की संख्या में सैकड़ो की संख्या में भीड़ रही जिन में गांव के मुख्य पुजारी महरु महतो एवं पुजारी गंदोरी महतो, सुरेश महतो, माला देवी, मुंगिया देवी, एवं शिव शक्ति गंगा धाम मंदिर समिति के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद कुशवाहा, सचिव विनोद यादव, कोषाध्यक्ष विशेश्वर प्रसाद मेहता, ग्रामीण - तुलसी प्रसाद मेहता, छोटन प्रसाद मेहता, सरजू प्रसाद मेहता, द्वारका मेहता, सीताराम मेहता, प्रकाश मेहता, छकोड़ी महतो, महावीर महतो ,निरंजन महतो ,सुरेश महतो, कृष्ण कुमार ,मुंद्रिका कुमार पंकज कुमार, विकास कुमार, महादेव कुशवाहा, नरेंद्र गिरी, सुनील शर्मा विक्रम शर्मा, किशन ठाकुर ,कन्हैया गिरी, मुक्को ठाकुर ,जयनाथ यादव, प्रदीप कुशवाहा, सरजू महतो ,सरजू मेहता ,वासुदेव महतो, ज्ञानी महतो, खीरू महतो ,नारायण महतो, अजीत गिरी निरंजन प्रजापति टिकेश्वर प्रजापति, अशोक महतो, बाबू यादव, राजू यादव, सुनील यादव एवं समस्त ग्रामीण उपस्थित रहे

न्यूज़ अपडेट

## जैक द्वारा आयोजित नवम बोर्ड की परीक्षा शांति पूर्ण ढ़ग से मंगलवार को प्रथम दिन सम्पन्न हुईक



**बरहरवा।** जैक द्वारा आयोजित नवम बोर्ड की परीक्षा तीन केन्द्रों शिबू सोरेन जन इन्टर कॉलेज, आरके प्लस टू स्कूल एवं एमएस बालक बोरियो में शांति पूर्ण ढ़ग से मंगलवार को प्रथम दिन सम्पन्न हुईक जानकारीके अनुसार प्लस टू हाई स्कूल बोरियो में कुल 476 में 471 परीक्षार्थी शामिल हुए। वहीं एमएस बालक बोरियो में 303 एवं शिबू सोरेन जन इंटर कॉलेज में 428 में 417 परीक्षार्थी उपस्थित थे। मौके पर आरके प्लस टू स्कूल में केन्द्राघीक्षक संजीव कुमार, एमएस बालक बोरियो में गणेश प्रसाद सिंह एवं शिबू सोरेन इंटर कॉलेज में वतौर केन्द्राधीक्षक प्राचार्य प्रो. कुलेश ठाकुर उपस्थित थे।

## झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत 189105 लाभुकों के बीच 1418287500 रूपये की राशि भेजी गयी:- उपायुक्त...

**देवघर:-** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी विशाल सागर द्वारा जानकारी दी गयी कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत माह जनवरी से मार्च 2025 तक लाभुकों के बीच 7500 रूपये किस्त की राशी भेजी जा चुकी है, जिसमें से देवघर प्रखण्ड अन्तर्गत 20601, देवीपुर 17020, करौं 13816, मारगोमुण्डा 12852, मधुपुर 21882, मोहनपुर 29117, पालोजोरी 24677, सारठ 26253, सारवां 15616 एवं सोनारायठाड़ी 11766 के अलावा देवघर 14362, मधुपुर 7034 एवं मोहनपुर अंचल अन्तर्गत 1491 कुल 216487 में से 189105 लाभुकों के बीच 1418287500 रूपये की राशि भेजी जा चुकी है। *इस प्रकार जिले में कुल 189105 लाभुकों के बीच राशि का वितरण किया जा चुका है।

## डीसी ने की जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक, अवैध खनन के विरूद्ध सख्ती के दिए निर्देश



**पाकुड़/** रविन्द्र भवन टाउन हॉल में उपायुक्त श्री मनीष कुमार की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की मासिक बैठक आहूत की गई। उपायुक्त ने अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम को लेकर टास्क फोर्स की टीम को अभियान चलाकर छापेमारी करते हुए संलिप्त लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई कर रोकथाम करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने अवैध खनन की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए खनन माफियाओं पर नकेल कसने और प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। समीक्षा के क्रम में जिला अंतर्गत कोयला व बालू के अवैध खनन, परिवहन व भंडारण, जांच, रॉयल्टी संग्रहण की समीक्षा की गयी। साथ ही, प्रदूषण विभाग को सीटीओ में दिये गये शर्तों का पालन सुनिश्चित करने के लिए जांच करने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने कहा कि अवैध खनन, परिवहन और भंडारण की रोकथाम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।अवैध खनन, परिवहन और भंडारण में संलिप्त व्यक्तियों पर अर्थ दंड लगायें और उनके विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कड़ी कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।

## एसीबी ने दस हजार रिश्वत लेते एएसआई को किया गिरफ्तार

**बोकारो( बेरमो )** - केस में फंसाने की धमकी देकर एक युवक से 10,000 रुपए रिश्वत लेने वाले एएसआई को एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने गिरफ्तार कर लिया है. एसीबी ने यह करवाई बीते दिन को की है . अजय प्रसाद बोकारो जिले के बेरमो कोयलांचल अंतर्गत गांधीनगर थाना में पदस्थापित हैं. उन्हें मंगलवार की शाम को गिरफ्तार किया गया. एसीबी की टीम एएसआई अजय प्रसाद को अपने साथ धनबाद ले गयी है. जरीडीह बाजार के ऊपर बाजार में रहने वाले अनुराग गुप्ता एएसआई के संडे बाजार स्थित आवास में पैसे देने गये थे. इस दौरान बाहर में एसीबी की टीम निगरानी कर रही थी. जैसे ही अनुराग गुप्ता ने अजय प्रसाद को पैसे दिये, एसीबी की टीम ने पुलिस वाले को धर दबोचा. पूछताछ करने के बाद कागजी प्रक्रिया पूरी की गयी और एसीबी की टीम उन्हें धनबाद ले गयी. गांधीनगर थाना में पहली बार एसीबी के छापे की पूरे क्षेत्र में चर्चा हो रही है.जरीडीह बाजार के ऊपर बाजार निवासी दिनेश प्रसाद गुप्ता के पुत्र अनुराग गुप्ता ने एसीबी में शिकायत की थी कि उनसे गांधीनगर थाना के एएसआई ने एक केस में नाम डालने के नाम पर पैसे की मांग की है. 10 फरवरी 2025 को तुपकाडीह में रहने वाले इंतखाब अंसारी ने 4 नंबर पेट्रोल पंप के पास पैसे के लेन-देन के मामले में मारपीट की शिकायत दर्ज करवायी थी. इसमें कुरपनिया के 2 युवक विशाल और सागर को आरोपी बनाया गया था. उसी सिलसिले में अनुराग का भी नाम केस में जोड़ देने की बात एएसआई ने कही थी.

## अनियंत्रित होकर बाइक से गिरकर एक घायल। रेफर

**बरहरवा।** तीन पहाड़ थाना क्षेत्र के तीन पहाड़ - कल्याण चक मुख्य मार्ग पर मंगलवार को देर रात एक व्यक्ति अनियंत्रित होकर बाइक से गिरकर बुरी तरह से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार बासुकी लोहार के 19 वर्षीय पुत्र श्रीकांत कुमार कल्याण चक से बाइक लेकर अपने घर लौट रहा था। इस दौरान अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर गिर गया।जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। राहगीरों एवं परिजनों के मदद से आनन-फानन में इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर स्थिति में बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया।



# जिले में 23 से 30 मार्च तक होगा केकेएन स्टेडियम में सरस मेला:-उपायुक्त..

### स्वयं सहायता समूह की दीदियों के साथ स्थानीय कामगारों को बेहतर मंच प्रदान करने हेतु सरस मेला का होगा आयोजन:-उपायुक्त....

**देवघर:-**



उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी विशाल सागर की अध्यक्षता में बुधवार को सरस मेला को लेकर राज्यस्तरीय टीम के साथ बैठक का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने सरस मेला को लेकर की जाने वाली विभिन्न तैयारियों की बिन्दुआर समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निदेशित किया कि स्थानीय केकेएन स्टेडियम में 23 से 30 मार्च तक सरस मेले का आयोजन होगा। ऐसे में मेला से जुड़े तैयारियों को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। इसके अलावे बैठक के दौरान उपायुक्त विशाल सागर द्वारा जानकारी दी गयी कि सरस मेला के तहत लगभग 100 से अधिक स्टॉल लगाये जायेंगे, जिसमें स्वयं सहायता समूह की दीदियों, स्थानीय कामगारों एवं हूनरमंद समूहों द्वारा बनाये गये अपने सामानों को बेचने का एक बड़ा बाजार उपलब्ध कराया जायेगा। साथ ही मेले माध्यम से एक की छत के नीचे विभिन्न राज्यों, जिला एवं देवघर के स्थानीय स्वयं सहायता समूहों द्वारा स्टॉल लगाया जायेगा। आगे उपायुक्त ने कहा कि सरस मेले का मुख्य उदेश्य आजीविका समूह के प्रोडक्ट को बेहतर बाजार उपलब्ध कराना है, ताकि उनके आर्ट एण्ड क्राफ्ट से लोगों को रूबरू कराया जा सके। इसके अलावे मेले में हर दिन विभिन्न तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा, जिसमें स्थानीय कलाकारों के साथ स्कूल व कॉलेज के विद्यार्थी भी शामिल होंगे, ताकि मेले का भव्य आयोजन किया जा सके। साथ ही उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निदेशित करते हुए कहा कि सरस मेले को हर दृष्टि से आकर्षक बनाया जाय, ताकि पहली बार देवघर में आयोजित होने वाले इस मेले को बेहतर बानाया जा सके। बैठक में नगर आयुक्त रोहित सिन्हा, नजारत उपसमाहर्ता शैलेष कुमार, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी राहुल कुमार भारती, कोषागार पदाधिकारी राकेश कुमार, जिला योजना पदाधिकारी मुकेश कुमार, जेएसएलपीएस के राज्यस्तरीय टीम, डीपीएम, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी, डीएमएफटी की टीम एवं संबंधित अधिकारी आदि उपस्थित थे।

## होली, सरहुल एवं ईद उल फितर त्योहार को लेकर सिल्ली थाना परिसर में शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**सिल्ली:-**



सिल्ली थाना परिसर में मंगलवार को आगामी होने वाले होली,ईद एवं सरहुल पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता इंस्पेक्टर हंसे उरांव के द्वारा किया गया। बैठक में सिल्ली थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर ने आगामी होने वालें होली त्योहार को आपसी भाईचारे के साथ मनाने के लिए अपील किया गया एवं शराब पीकर वाहन नहीं चलाना है अश्लील गाना बजाने पर प्रतिबंध किया गया है। रंगों का त्योहार होली में किसी को जबरन रंग नहीं डालना है।यह त्योहार एक आपसी भाईचारे का त्योहार है। किसी भी प्रकार का कहीं घटना होती है तो इसकी सुचना तुरंत प्रशासन को दे। शांति समिति में आए हुए जितने भी जनप्रतिनिधि थे सभी ने अपने अपने विचारों को रखा।बैठक का संचालन मोहम्मद फारुख ने किया।इस मौके पर प्रखंड प्रमुख जितेन्द्र बड़ाइक, जिला उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, मुखिया सीमा गोंझु,राजा पुष्पेन्द्र नाथ, अखिलेश महतो, मुखिया प्रमिला कुमारी,समेत सिल्ली थाना एवं मुरी ओपी के पुलिस बल मौजूद थे।

## होली पर किसी को जबरन रंग न लगाएं: बीडीओ



**बरहरवा ।** रंगों का त्यौहार होली पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर मंगलवार को राधानगर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक बीडीओ सह सीओ जयंत कुमार तिवारी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जनप्रतिनिधि,बुद्धिजीवी तथा गणमान्य लोग शामिल हुए। इस दौरान बीडीओ सह सीओ जयंत कुमार तिवारी ने संबोधित करते हुए कहा कि संभावित 13-14 मार्च को रंगों का त्यौहार होली पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। साथ ही उन्होंने उपस्थित लोगों से होलिका दहन को लेकर संबंधित जानकारी ली।थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज ने बताया कि गर्मी का मौसम है और क्षेत्र में आग लगी की घटना काफी हो रही है इसलिए होलिका दहन सावधानी पूर्वक करना है।वहीं पुलिस निरीक्षक श्यामलाल हांसदा ने लोगों से प्रेम व उत्साह के साथ होली पर्व मनाने की अपील की।उन्होंने कहा कि किसी भी लोगों को जबरन रंग नहीं देना है,आपसी भाईचारें के साथ होली पर्व मनाएं।मौके पर पुलिस अवर निरीक्षक हसनेन अंसारी,एसआई अनिल कुमार,रवि शंकर झा,ऐनुल हक अंसारी,अयुब अली,नसीम अख्तर,सुनील प्रमाणिक,धर्मराज मंडल,रूपेश्वर सरकार,विश्वजीत मंडल आदि थे।

## होली और रमजान पर्व को लेकर अलर्ट मोड में रहेंगे सभी अधिकारी - उपायुक्त

**बोकारो -**




होली और रमजान पर्व शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर मंगलवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त विजया जाधव एवं पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी ने जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक किया। मौके पर डीपीएलआर निदेशक मेनका, अपर नगर आयुक्त चास नगर निगम संजीव कुमार, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढ़ांडा, बेरमो अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश मछुआ आदि उपस्थित थे। उपायुक्त विजया जाधव ने कहा कि होली एवं रमजान त्योहारों को लेकर संप्रदायिक संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए सभी पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी अलर्ट मोड पर रहेंगे। जिन्हें जो दायित्व दिया गया है,उसका वह पालन सुनिश्चित करेंगे। डीजे में अश्लील भड़काऊ गानों का इस्तेमाल नहीं हो,इसे संबंधित अधिकारी सुनिश्चित करेंगे। कोई किसी को जबरन रंग नहीं लगाएगा। किसी भी तरह की घटना होने या कोई मामला प्रकाश में आने पर तत्काल उसकी सूचना अपने वरीय पदाधिकारी को देंगे। जिला एवं अनुमंडल नियंत्रण कक्ष चालू रहेगा। उपायुक्त ने कहा कि सभी बीडीओ सीओ थाना प्रभारी आपस में समन्वय बनाकर क्षेत्र में काम करेंगे। उन्होंने संवेदनशील स्थानों एवं आसामाजिक तत्वों को चिन्हित करने का निर्देश दिया। साथ ही, धारा 126 की कार्रवाई के लिए दोनों अनुमंडल पदाधिकारियों को प्रतिवेदन तामिला ससमय समर्पित करने को कहा।उपायुक्त ने क्रमवार थाना क्षेत्रों के संवेदनशील स्थानों/क्षेत्रों की जानकारी थाना प्रभारियों बीडीओ सीओ से प्राप्त की। उन्होंने संवेदनशील स्थानों क्षेत्रों पर विशेष निगरानी बरतने, आसामाजिक तत्वों की सूची तैयार कर उनकी गतिविधि पर नजर रखेंगे। सभी थाना अंचलाधिकारी आपस में बैठक कर क्षेत्र से संबंधित सूचनाओं को एक दूसरे से साझा कर,संयुक्त रणनीति पर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि होलिका दहन की रात अगलगी की घटना की आशंका बनी रहती है। ऐसे में अधिकारियों एवं अग्निशमन विभाग को सतर्क रहने की जरूरत है। वहीं, पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी ने कहा कि सभी बीडीओ झ सीओ एवं थाना प्रभारी आपस में समन्वय स्थापित कर पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराएंगे। पर्याप्त संख्या में जिले को पुलिस बल उपलब्ध है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर सतत निगरानी की व्यवस्था रहेगी। किसी भी तरह की अफवाह फैलाने पर ग्रुप के एडमिन के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। कहीं किसी के क्षेत्र में शराब की अवैध बिक्री या नकली शराब की बिक्री नहीं हो, इसे सभी सुनिश्चित करेंगे। सभी अपने आंतरिक श्रोतों को सक्रिय रखेंगे। इससे पूर्व, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी ने कहा कि कहीं किसी तरह की कोई चूक नहीं हो। सभी महत्वपूर्ण स्थानों चौक - चौराहों आदि पर दंडाधिकारी/पर्याप्त संख्या में पुलिस बल प्रतिनियुक्त कर दिया गया है। सभी ससमय पहुंच अपने दायित्व जिम्मेवारी का निर्वहन करेंगे। बैठक में मुख्यालय डीएसपी अनिमेश गुप्ता, सीटी डीएसपी आलोक रंजन, चास एसडीपीओ प्रवीण कुमार, बेरमो एसडीपीओ वी एन सिंह, सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचलाधिकारी, सभी थानों के थाना प्रभारी ,पुलिस निरीक्षक समेत अन्य उपस्थित थे।

## होली के त्यौहार को लेकर विभिन्न होटलों एवं रेस्टोरेंट में चलाया गया जांच अभियान.

**देवघर:-** होली के त्यौहार को लेकर जिले में बुधवार को विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों में जांच अभियान चलाया गया। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी द्वारा विभिन्न रेस्टोरेंट एवं होटलों का निरीक्षण करते हुए होटल माँ लक्ष्मी पेलेस, होटल बैद्यनाथ, होटल मेगनम, होटल श्ङ्क१८, वैष्णवी होटल एंड रिसोर्ट आदि का जायजा लिया। इसके अलावा होटल माँ लक्ष्मी पैलेश में अनुज्ञप्ति की जगह पंजीयन पाया गया। साथ ही हंशे१ ळी२३ल्लॅ फीस्त्रङ्क१३ नहीं पाया गया, जिसके पश्चात होटल को चेतावनी देते हुए एक हफ्ते के अंदर अनुज्ञप्ति हेतु आदेशित किया गया। वही संदेहास्पद पनीर का एक वैधानिक नमुना रासायनिक जाने हेतु संग्रह किया गया। वही होटल श्ङ्क१८ के किचन में ए७स्त्र१ ऋ१ॅ इर्शी पाया गया, जिसे नष्ट करवाते हुए 2,000 का अर्थ दंड लगया गया। साथ ही होटल वैष्णवी एंड रिसोर्ट के स्टोर में बिना छीं' ऊॅ'१३ङ्कल्ल के कुछ खाद्य पदार्थ के पैकेट पाए गए, जिये विक्रेता को वापस करने का आदेश देते हुए संदेहास्पद पनीर का वैधानिक नमूना रासायनिक जांच हेतु संग्रह किया गया, जिसे जांच हेतु भेजा जाएगा।

## घरेलू विवाद को लेकर मारपीट,एक युवक घायल

**बरहरवा ।** राधानगर थाना क्षेत्र के पश्चिमी उधवा पंचायत के खाड़ी टोला गांव में मंगलवार को घरेलू विवाद को लेकर मारपीट मामले में बबलू घोष (35) वर्ष नामक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पत्नी ने आनन-फानन में घायल को राधानगर थाना लेकर पहुंचे। राधानगर पुलिस ने जख्म प्रतिवेदन देकर इलाज के लिए राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया है। परिजनों के अनुसार बबलू घोष अपने घर में थे। इसी बीच उनके छोटे भाई के साथ किसी बात को लेकर आपस में कहासुनी होने लगी। विवाद इतना बढ़ गया कि छोटे भाई ने बड़े भाई के सिर पर लाठी-डंडे मारकर घायल कर दिया। जिससे बड़े भाई के सिर से खून बहने लगा। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।



## बोकारो जिला के विभिन्न स्थानों में खनन विभाग द्वारा सघन जांच अभियान चलाया गया अवैध बालू लदे दो ट्रैक्टर को किया जब्त

**बोकारो -**

उपायुक्त के निर्देशानुसार खनन विभाग द्वारा बोकारो जिला के विभिन्न स्थानों पर सघन जांच अभियान चलाया गया, जिसमें दुग्दा थानाअंतर्गत प्रखंड विकास कार्यालय, चंद्रपुरा के समीप मुख्य पथ पर अवैध रूप बालू खनिज का परिवहन करते हुए 1 ट्रैक्टर को पकड़ा गया , जिसे विधिवत जप्त कर दुग्दा थाना को सुपुर्द करते हुए थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई।इसी क्रम में पांडेय पुल चीरा चास के समीप अवैध रूप से बिना परिवहन चालान के बालू खनिज का उत्खनन कर परिवहन करते हुए 1 ट्रैक्टर को पकड़ा गया, जिसे जप्त कर चीरा चास थाना को सुपुर्द करते हुए थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई।उक्त अभियान में खान निरीक्षक सीताराम टुडू एवं पुलिस बल मौजूद थे।

# होली को लेकर विधि व्यवस्था व सुरक्षा के रहेंगें पुख्ता इंतजाम:-उपायुक्त ...

- **आपसी सहयोग व सौहार्द्रपूर्ण तरीके से मनायें होली व ईद का त्यौहार- उपायुक्त....**
- **उपायुक्त ने अनुमंडल, प्रखण्ड व पंचायत स्तर पर होली एवं ईद को लेकर शांति समिति की बैठक करने का दिया निर्देश....**

**देवघर :-**

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी विशाल सागर के निर्देशानुसार होली एवं ईद के त्यौहार के अवसर पर विधि व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिला, अनुमंडल, प्रखण्ड व पंचायत स्तर के अधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया गया है, ताकि सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाया जा सके। इसके अलावा उपायुक्त द्वारा अनुमण्डल पदाधिकारी, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, सभी थाना प्रभारी, पुलिस निरीक्षक एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, को निदेश दिया कि इस वर्ष होली का त्यौहार दिनांक 13.03.2025 एवं 14.03.2025 को मनाया जायेगा। साथ ही दिनांक 13.03.2025 की रात्रि में होलिका दहन तथा दिनांक 14.03.2025 को होली खेली जायेगी। ऐसे में होली के मौके पर दण्डाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों व पुलिस जवानों की तैनाती की गयी है। स्वास्थ्य विभाग व अग्निशमन विभाग को चौबिसों घंटे इमर्जेन्सी सेवा के लिए तैयार रहने का निदेश दिया गया है। साथ ही जिले के विभिन्न स्थानों पर दण्डाधिकारी व पुलिस बल के जवानों की तैनाती के अलावा सभी थाना के थाना प्रभारियों के क्षेत्रों की निगरानी करने का निदेश दिया गया है। इसके अलावे होली पर्व को लेकर उपायुक्त विशाल सागर ने प्रतिनियुक्त अधिकारियों व पुलिस अधिकारियों को होली की अगली सुबह तक पूरी चौकसी बरतने का निदेश सभी को दिया है। साथ ही होली के पर्व के दौरान दूसरों के सामान को जबरन उठाने, उसे होलिका में डालने की प्रवृति के प्रति आगाह करते हुए सभी पुलिस पदाधिकारियों को सचेत किया गया है। इसके अलावा होली के अवसर पर चौबिसों घंटे नियंत्रण कक्ष को चालू रखने का निदेश दिया गया है।

» होली व ईद के त्यौहार के अवसर पर निम्नांकित दिशा निर्देश जारी किया गया है–

1. साम्प्रदायिक भावना, जातिगत भावना एवं धृष्टतावश किसी व्यक्ति विशेष के लकड़ी के सामानों को चुराकर होलिका दहन में डाल देना तथा रंग अबीर डालने के क्रम में प्रताड़ित करना।
2. किसी व्यक्ति विशेष के ऊपर जबरदस्ती रंग डालना तथा अबीर-गुलाल आदि लगाना।
3. होलिका दहन में प्राथमिकता के प्रश्न पर ग्रामीणों द्वारा अपने गॉव की सीमा पार कर दूसरे गाँव में लुकारी फेंके जाने एवं बलपूर्वक दूसरों की लकड़ियाँ, छप्पर आदि को आग में डाल दिये जाने के कारण।
4. अभद्रता/अश्लील गायन/कीचड़/धूल आदि से होली खेले जाने के कारण।
5. किसी जाति विशेष एवं सम्प्रदाय विशेष के ईलाके/धर्मिक स्थानों में झुमटा गाने वालों की टोली गुजरने एवं रूककर अश्लील गायन करने के कारण।
6. किसी सम्प्रदाय विशेष के धार्मिक स्थलों पर कीचड़ आदि डाले जाने के कारण।
7. महिलाओं के साथ जबरन छेड़छाड़ करना तथा रंग-अबीर एवं कीचड़ लगाना तथा महिलाओं को देखकर छींटाकसी करना एवं अश्लील गायन करना।
8. वाहनों के ऊपर कीचड़ फेंकना एवं शीशे आदि को तोड़-फोड़ करना।
9. मादक द्रव्य एवं मादक पदार्थ का सेवन कर अभद्र व्यवहार करना।
10. होलिका दहन के स्थान को लेकर विवाद उत्पन्न होना।

इसके अलावे त्यौहार के अवसर पर उपायुक्त विशाल सागर ने संबंधित अधिकारी को निदेशित करते हुए कहा कि कई जगहों पर उपर्युक्त विन्दुओं के अतिरिक्त अन्य कारणों से भी विवाद उत्पन्न होने एवं विधि-व्यवस्था तथा साम्प्रदायिक सद्भावना भंग होने की संभावना बनी रहती है। ऐसे में उपर्युक्त बिन्दुओं के आलोक में उपायुक्त ने होली के अवसर पर विशेष सतर्कता एवं सावधानी बरतने के साथ सभी थाना प्रभारी/पुलिस निरीक्षक एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/अंचल अधिकारी/अनुमण्डल पदाधिकारी/अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी को निदेशित किया गया है कि वे उपर्युक्त बिन्दुओं को ध्यान में रखते हुए होली के अवसर पर शांति व्यवस्था एवं साम्प्रदायिक सद्भावना बनाये रखने हेतु एहतियाति बरतेंगें तथा निरोधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करेंगें।

## न्यूज़ अपडेट

### याद किये गये पांचवीं पुण्यतिथि पर स्वट्ट रूपा देवी को दी श्रध्दांजलि

**श्रमबिंदु /धनबाद** । 11 मार्च को समाजसेवी स्वर्गीय राम परीखा जी के धर्मपत्नी स्वर्ग के रूपा देवी का पांचवा पुण्यतिथि झरिया विधानसभा अंतर्गत डिगवाडीह मदन राम के आवास रूप निवास में मनाया गया। आए हुए अतिथियों ने रूपा देवी के तस्वीर पर माल्यार्पण कर उनके के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन कर नमन किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित मदन राम , रूपाली देवी तेजस चंद्रवंशी रितिका चंद्रवंशी महेंद्र सिंह राजेश कुमार समरेंद्र पासवान जितेंद्र पासवान शांतनु कुमार अवधेश तिवारी रविंद्र पासवान रामाशीष चौहान सुनील राय वीरेंद्र जी सुबोध वर्मा मनीष कुमार गणेश भारती शुभम राम आलोक खरवार आलोक कुमार अंकुश प्रेम बब्लू सदरे आलम महफूज आलम राजू हरि पिंटू इम्तियाज बादशाह खान हरिप्रसाद भीम बाउरी मोहम्मद शमशाद मोहम्मद अनवर रमेश पासवान जावेद खान हैदर अली राजू कुमार मोहम्मद जसीम सुरेश गुप्ता दिलीप रवानी आदित्य नारायण दिनेश खरवार राहुल कुमार शकीला बानो सब शेख अजय पासवान गामा सिंह राजेश कुमार राम आदि थे।

### पुलिस के सहयोग से 6 गतिरोधक बेरियर लगाया गया हीरक रोड पर




**श्रमबिंदु /धनबाद** । 'ूमैनिटी हेल्पिग हैंड्स टीम के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष गौतम कुमार मंडल के पहल पर बारवाअड्डा थाना प्रभारी सुनील कुमार रवि के सहयोग से धनबाद पब्लिक स्कूल हीरक ब्रांच, नेहरू बाल एकेडमी एवं बीबीएमकेयू की बीच हीरक रोड पर 6 गति रोधक बेरियर हमेशा के डाला गया। जिससे अब गाड़ियों की रफ्तार में कुछ कमी होगी। अब आगे बहुत जल्द यहाँ ओवर ब्रिज बनाने की माँग को लेकर 'ूमैनिटी हेल्पिग हैंड्स के गौतम कुमार मंडल का प्रयास जारी रहेगा।

### झरिया में गुरु शिव परिवार जननी सुरक्षा ट्रस्ट द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन



**श्रमबिंदु /धनबाद** । झरिया, गुरु शिव परिवार जननी सुरक्षा ट्रस्ट के अध्यक्ष रामा शीश चौहान, सचिव तारा मधु देवी के नेतृत्व मे बनियाहीर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, सामाजिक कार्यकर्ता, श्री मती बेबी देवी,तारा मधु देवी व शिव शंकर प्रसाद को अंग वस्त्र और प्रामाण पत्र दे कर के सम्मानित करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई , होली पर्व के होली मिलन समारोह के शुभ अवसर पर श्री चौहान ने सभी देश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और महिलाओ को सुरक्षा देने का वचन देते हुए प्रशिक्षण दिलाकर रोजगार से जोड़ कर आर्थिक आजादी दिलाने का आश्वासन दिया,और कहा कि हमारी ट्रस्ट हमेसा आपके साथ खड़े मिलेंगे, जब भी आप आवाज देंगे हमारा कार्यकर्ता 24 घंटे तैयार मिलेंगे ' होली मिलन समारोह मे , सुनीता देवी, अनीता देवी, सरोज देवी , सरस्वती देवी , पुष्पां देवी, बसंती देवी, गीता देवी, शयाम' देवी, अंजु देवी, उर्मिला देवी, पूर्णिमा देवी, शोभा देवी, रीना देवी, सुमित्रा देवी आदि मौजूद थे '

### प्री-होली उत्सव मनाया हिंदू मिशन अनाथालय में लाइट सिंदरी ने



**श्रमबिंदु /धनबाद** । 11 मार्च को लाइट सिंदरी ने हिंदू मिशन अनाथालय में बच्चों के साथ प्री-होली उत्सव मनाया, जहाँ रंगों, मिठाइयों और खुशियों से भरा माहौल देखने को मिला। इस आयोजन में मिठाइयों का वितरण, इंटरएक्टिव गेम्स और ऑर्गेनिक गुलाल के साथ सुरक्षित होली मनाई गई। स्वयंसेवकों ने बच्चों को उपहार और जलपान भी वितरित किए, जिससे यह अवसर और भी खास बन गया।

इस उत्सव का उद्देश्य बच्चों में खुशी, समावेशिता और अपनापन की भावना जगाना था। कार्यक्रम का समापन नृत्य और ग्रुप फोटो के साथ हुआ, जिसमें हंसी-खुशी के अनमोल पल कैद किए गए।

### फूड ऑफिसरों ने त्योहारों के मद्देनजर मारा छापा,कई दुकानो से लिए गए सैम्पल तो कइयों को लगाया गया जुर्माना

**श्रमबिंदु /धनबाद** । झारखंड खाद्य सुरक्षा विभाग एवम धनबाद डीसी के निर्देशानुसार बाघमारा के कतरास में मंगलवार को धनबाद खाद्य सुरक्षा कि सघन छापेमारी अभियान चलाया गया.छापेमारी टीम का नेतृत्व फूड ऑफसर डॉ राजा कुमार कर रहे थे.छापेमारी के दरमियान थाना के सामने इडियन रेस्टोरेंट,रसना बार ,शालीमार स्वीट्स, न्यू बॉम्बे स्वीट्स,कतरास बाजार के श्रीराम मिष्टान्न भंडार सहित कई प्रतिष्ठानों से मिठाईयों और पनीर के सैम्पल लिए गए.इस दौरान साफ सफाई में लापरवाही को देखते हुए संचालको को कड़ी फटकार लगाई गई साथ ही जुर्माना भी वसूला गया.इसी बीच कतरास बाजार के श्रीराम मिष्ठान भंडार में घोर अनियमितता देखी गयी.जिसे देख फूड अफसर भड़क उठे.इस प्रतिष्ठान में बेचे जा रहे नमकीन को लेकर कई आपत्तिजनक बिंदु सामने आए.जिसके आलोक में कड़ी कार्रवाई करते हुए उसपर 20 हजार रुपये का जुर्माना किया गया.जानकारी देते हुए फूड अफसर डॉ राजा कुमार ने कहा कि यह छापेमारी त्योहारों के मद्देनजर की गई है,जो जिले भर मे रामनवमी तक लगातार जारी रहेगा।

# त्योहारों के तैयारियों की आयुक्त व डीआईजी ने समीक्षा की

- प्रबुद्ध लोगों को शांति समिति में जोड़ने का निर्देश ,
- सोशल मीडिया पर पुलिस की रहेगी पैनी नजर ,
- सभी थाना क्षेत्र में पुलिस करेगी कड़ी गश्ती,
- मादक पदार्थ व अवैध शराब बिक्री करने वालों पर होगी कठोर कार्रवाई



**श्रमबिंदु /धनबाद** ।

आयुक्त, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग पवन कुमार तथा बोकारो प्रक्षेत्र के डीआईजी सुरेन्द्र कुमार झा ने मंगलवार को समाहरणालय में होली एवं रमजान त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए की गई तैयारियों की समीक्षा की।

इस अवसर पर आयुक्त ने कहा कि सभी थाना क्षेत्र के प्रबुद्ध लोगों को शांति समिति में जोड़ें। संवेदनशील स्थानों पर फ्लैग मार्च करें और विशेष निगरानी रखें। असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उनकी धरपकड़ करें। आयुक्त ने शराब पीकर और खतरनाक तरीके से वाहन चलाने वालों पर नकेल कसने, कंट्रोल रूम में एंबुलेंस, अग्निशमन वाहन तथा सभी स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों की टीम की मौजूदगी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

बैठक में डीआईजी ने सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी से तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखने, क्विक रिस्पांस टीम (क्यू.आर.टी.) प्लान तैयार करने, चौबीस घंटे कंट्रोल रूम एक्टिव रखने, थाना क्षेत्र के होलिका दहन स्थल को चिह्नित करने, मादक पदार्थ एवं अवैध शराब बिक्री करने वालों पर कठोर कार्रवाई करने, स्कूल, कॉलेज व कोचिंग सेंटर के आसपास गश्त बढ़ाने का निर्देश दिया।

बैठक के दौरान आयुक्त एवं डीआईजी ने कोयला एवं बालू के अवैध खनन व परिवहन को रोकने के लिए भी दिशा निर्देश दिए।

इसके लिए अवैध खनन स्थलों पर खनन टास्क फोर्स द्वारा नियमित छापामारी करने, मुहानों की डोजरिंग करने, अवैध खनन के रूट पर छापामारी करने, अवैध खनन की सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई करने, वर्चस्व स्थापित करने वालों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

बैठक में उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन, सिटी एसपी श्री अजीत कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, डीटीओ दिवाकर सी द्विवेदी, डीएमओ रितेश राज तिग्गा, राज्य कर सहायक आयुक्त ध्रुव नारायण राय, डीएसपी धीरेन्द्र नारायण बंका, नौशाद आलम, शंकर कामती, अरविन्द कुमार सिंह, एसडीपीओ सिंदरी आशुतोष कुमार सत्यम, एसडीपीओ निरसा रजत माणिक बाखला, साइबर डीएसपी संजीव कुमार, सीआइएसएफ के कमांडेंट विशाल शर्मा, सहायक कमांडेंट एल. गौतम मौजूद थे।

## बीसीसीएल ने सुरंगा के ग्रामीणों के समस्याओं के समाधान हेतु पहल की

**श्रमबिंदु /धनबाद** ।




सुरंगा के आंदोलित ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान हेतु लोदना क्षेत्र, बी.सी.सी.एल. द्वारा मौजा सुरुंगा, मौजा सं0-155, अंचल-बलियापुर, जिला- धनबाद के अंतर्गत जमीन क्रय किए जाने वाले प्लॉट को स्थानीय समाचार पत्र में प्रकाशित करने के संबंध में लोदना क्षेत्र, बी.सी.सी.एल. द्वारा मौजा सुरुंगा, मौजा सं0 155, अंचल बलियापुर, जिला-धनबाद के अंतर्गत निम्नलिखित भूमि क्रय किया जा रहा है जिसकी प्रक्रिया अंतिम चरण में है। 1. हाल खाता सं0-231, प्लॉट सं0-1635, 1637, 1717, 1704, 1741, 183, 205 एवं हाल खाता सं0-230, प्लॉट सं0-1830, कुल रकवा- 50 डिसमिल मालिक- मनपुरन कुम्हार, कुसमी देवी, तरानी कुम्भकार, बलराम कुम्भकार, मगाराम कुम्हार, सरला देवी, राजु कुम्भकार, अर्जुन कुम्भकार, भीम कुम्भकार, टूसू देवी, सतेंद्र कुम्हार । 2. हाल खाता सं0-375, प्लॉट सं0 1639 (अंश), 1641 (अंश), 1640 (अंश), 1634 (अंश), 1822 (अंश), 1834 (अंश), 1737, हाल खाता सं0- 157, प्ला-ॅट सं0- 1651 (अंश) एवं हाल खाता सं0-185, प्लॉट 1841 कुल रकवा 103.64 डिसमिल, मालिक उमेश चंद्र राय, अरविंद राय, सुमित राय एवं परमिला कुवर। 3. हाल खाता सं0-166, प्लॉट सं0-1872, 1824 एवं 1825, कुल रकवा- 50 डिसमिल मालिक भानू देवी, बसुदेव कुम्भकार, राहुल कुम्भकार, रपरु देवी, गोपल कुम्भकार, तारापद कुम्भकार, भाभी देवी, नेपाल कुम्भकार, सुधिर कुम्भकार, गुरुपदो कुम्भकार, निरापद कुम्भकार। 4. हाल खाता सं0-25, प्लॉट सं0-1995 एवं 1998, कुल रकवा 13 डिसमिल मालिक यमुना देवी, लखी कांत कुम्भकार, सिमांत कुम्भकर, हराधन कुम्भकार, दुर्गाचरन कुम्भकार। इसके अतिरिक्त अगर कोई कानूनी उत्तरधिकारी/दावेदार पुरूष/महिला है तो अंचल अधिकारी से निर्गत वंशावली, सविक खतियान, हाल खतियान, रजिस्टर-2, वर्तमान मालगुजारी रशीद आदि के छायाप्रति के साथ अविलबं लोदना प्रबंधन को सूचित करें जिससे की आगे की कार्यवाही उसी अनुरुप किया जा सके। उक्त सूचनाओं का स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशन हेतु प्रस्ताव सक्षम पदाधिकारी के पास प्रेषित की ।

### अस्पताल में , रोड हादसें में घायल स्कूली छात्र प्रीतम महतो की मौत



**श्रमबिंदु /धनबाद** । डीपीएस, हीरक ब्रांच कमल कटेसरिया के बगल स्कूल नेहरू एकेडमी के छात्र भेलाटाड़ निवासी प्रीतम कुमार महतो (उम्र-14 वर्ष) पिता पुरन चंद्र महतो का एक लौता बेटा रोड पार करने के दौरान तेज रफ्तार पिकअप भेन के चपेट में आने से मिशन हॉस्पिटल, दुर्गापुर के वेंटिलेटर कक्षव में ईलाज के दौरान मौत।

इस दर्दनाक घटना से स्कूली छात्र-छत्राओ के परिजनों में डर का माहौल, सभी के चेहरे में मायूसी, क्षेत्र में शोक की लहर।

मैं गौतम कुमार मंडल संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष 'ूमैनिटी हेल्पिग हैंड्स धनबाद जिला प्रशासन से अविलंब माँग करता हूँ कि धनबाद पब्लिक स्कूल हीरक ब्रांच, नेहरू बाल एकेडमी एवं बीबीएमकेयू के बीच में 2 ओवर ब्रिज फुट स्ट्रिप का निर्माण जल्द से जल्द किया जाये ताकि भविष्य में स्कूली बच्चे एवं आम आदमी ऐसे दर्दनाक दुर्घटना से बच सकें। भगवान इनके आत्मा को शांति दे और परिवार वाले को दुःख सहने का हिम्मत दे ।

### हाइवा व पिक अप वैन में बाघमारा में हुई टक्कर, आधा दर्जन लोग घायल

**श्रमबिंदु /धनबाद**। बरोरा थाना क्षेत्र के मुराईडीह कोलियरी गेट के समीप मंगलवार को हाइवा और पिकअप वैन में टक्कर हो ग ई। इस घटना में आधा दर्जन से अधिक लोग जख्मी हो ग ए हैं। जख्मियों में फारूक, अब्दुल,



मिज़रुल, राजेश कुमार, इसराफिल हक, भोला प्रसाद गुप्ता, रंजन, सन्नी, वीरेंद्र, संदीप मुंडा, तेजबली बग्घा आदि शामिल हैं। डुमरा क्षेत्रीय अस्पताल तथा बाघमारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद कुछ जख्मियों को छोड़ दिया गया जबकि हाइवा चालक भोला प्रसाद गुप्ता, संदीप तथा तेजबली को बेहतर इलाज के लिए चिकित्सकों ने रेफर कर दिया। फारूक, अब्दुल, मिज़रुल, इसराफिल हक मुर्शिदाबाद के निवासी है जबकि राजेश रांची का रहने वाला है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि शिकशा इजीनियरिंग दिल्ली नामक कंपनी में ठेकेदार के अधीन निचितपुर रेलवे स्टेशन से काम कर सभी मजदूर पिकअप वैन पर सवार होकर गोमो जा रहे थे। जबकि फुसरो से कोयला लोड लेकर हाइव एमपीएल जा रहा था। घटनास्थल के पास हाइवा चालक ने स्टेयरिंग से अपना संतुलन खो दिया और पिक अप वैन को टक्कर मारते हुए कोलियरी के मुख्य गेट से जा टकराया। घटना से हाइवा चालक स्टेयरिंग में फंस गया, जिसे लोगों ने काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है।

## जेएमएम ने आयोजित किया होली मिलन समारोह , अबीर-गुलाल के साथ दी शुभकामनाएं

**श्रमबिंदु /धनबाद** ।



मंगलवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) की धनबाद जिला कमेटी ने मंगलवार को असरफी हॉस्पिटल के समीप एक निजी होटल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अबीर-गुलाल लगाकर एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं और पारंपरिक होली के रंग में सराबोर हो गए।

समारोह के दौरान मंच से झारखंड मुक्ति मोर्चा की जिला कमेटी ने समस्त धनबादवासियों को होली की शुभकामनाएं दीं और इस त्योहार को सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में भोजपुरी गायक राजू सिंह अनुरागी ने अपने पारंपरिक फगुआ गीतों से माहौल को जीवंत बना दिया। उनके गीतों पर उपस्थित लोग झूमते नजर आए।

होली मिलन समारोह में जेएमएम के जिला अध्यक्ष लखी सोरेन, मुकेश सिंह, नीलम मिश्रा, रतीलाल टुडू, मदन महतो, हरीश सिंह, अनवरी खातून, मंटू चौहान, मिराज खान समेत कई अन्य नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष लखी सोरेन ने कहा झारखंड मुक्ति मोर्चा सभी समुदायों और धर्मों को साथ लेकर चलने का काम करती है। हम इस होली पर सभी से मिलजुलकर त्योहार मनाने की अपील करते हैं। साथ ही झारखंड में जेएमएम की नई सरकार बनने पर सभी को बधाई देते हैं। यह सरकार झारखंड के विकास और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने का कार्य करेगी।

कार्यक्रम ने धनबाद में होली के उत्साह को और भी बढ़ा दिया और पार्टी के नेताओं ने सामाजिक समरसता और भाईचारे का संदेश दिया।

# विधायक रागिनी ने प्रश्नकाल में रंगदारी पर उठाई सवाल

**श्रमबिंदु ,/धनबाद /रांची** ।





मंगलवार को झरिया विधायक श्रीमती रागिनी सिंह ने प्रश्न काल के दौरान क्षेत्र के छात्र छात्राओं के लिए उत्कृष्ट विद्यालय और हाई स्कूल दिए जाने की मांग रखते हुए झारखंड सरकार द्वारा संचालित उत्कृष्ट विद्यालयों में तीन विद्यालय संचालित होने की बात कही लेकिन उक्त सभी विद्यालय धनबाद विधानसभा में पड़ते है। तीनों में कोई भी विद्यालय झरिया विधानसभा क्षेत्र में नही है। सरकार उत्कृष्ट विद्यालयों की संख्या दुगनी करने की इक्षा रखती है। मैं नए चयनित सूची में झरिया विधानसभा क्षेत्र को भी एक उत्कृष्ट विद्यालय दिए जाने की मांग करती हु जिस पर माननीय मंत्री जी ने झरिया विधान सभा में उत्कृष्ट विद्यालय ना होने की बात स्वीकार करते हुए विभागीय कार्यवाही अनुसार उत्कृष्ट विद्यालय में झरिया को भी दिए जाने का भरोसा दिलाया वही सरकार के पिछले कार्यकाल में 130 से ऊपर हाई स्कूलों में इंटरमीडिएट की पढ़ाई शुरू कराई गई थी जिसमे सात हाई स्कूल धनबाद जिला से थे परंतु आश्चर्यजनक रूप से उस सूची में भी झरिया विधानसभा क्षेत्र का कोई हाई स्कूल शामिल नही होने की बात बताई ।

वही प्रश्नकाल काल के दुसरी पाली में झरिया विधायक श्रीमती सिंह ने झरिया विधानसभा क्षेत्र में खनन क्षेत्र में कार्य कर रहे ट्रांसपोर्टरों और अधिकृत डी.ओ. धारी व्यापारियों से रंगदारी मांगने का मामला उठाते हुए कहा कि क्षेत्र में खनन क्षेत्र में काम कर रहे डी ओ धारकों से कोयला उठाव में अपराधी तत्व के लोग रंगदारी की मांग करते है नहीं दिए जाने पर काम को महीनों बंद कर डी ओ कैंसिल करा देते है ऐसे में व्यापारियों में खौफ का माहौल बना हुआ है वही बार बार प्रशाशन को सूचना उपरांत भी जिला प्रशाशन द्वारा उपयुक्त कार्यवाही नहीं की गई यहां तक कि डीजीपी झारखंड को भी मामला संज्ञान देने उपरांत भी कोई कार्यवाही न होना साफ करता है कि इसमें कई सत्ता पक्ष के लोग है जो प्रशाशन के संरक्षण में मिलीभगत कर ऐसे कार्य कर रहे है ।

### विधानसभा में विधायक रागिनी ने मनाई होली उत्सव

**श्रमबिंदु /धनबाद /रांची** । झारखंड विधानसभा में आयोजित होली मिलन समारोह में झरिया विधायक श्रीमती रागिनी सिंह सम्मिलित हुई जहा उन्होंने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं को गुलाल लगाकर उन्हें होली की विशेष बधाई एवं शुभकामनाएं दी वही बड़ों से आशीर्वाद प्राप्त किया इस दौरान मुख्य रूप से मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन विधायक श्रीमती नीरा यादव विधायक राज सिन्हा विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन सहित अन्य विधायक व अन्य गणमान्य मौजूद रहे वही वहां मौजूद महिला पत्रकारों को गुलाल लगाकर उन्हें होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।






स्वामी, शिव श्रीवास्तव के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक संतोष पाठक द्वारा फ्लैट नं. 4 ई नलिनी पैलेस, एलबर्ट कम्पाउंड पुरुलिया रोड, रांची 8340 01 से प्रकाशित तथा फारूकी तंजीम प्रेस चटर्जी कम्पाउन्ड बहुबाजार से मुद्रित।
संपादक संतोष पाठक *पीआरबी एक्ट के अनुसार समाचार चयन हेतु जिम्मेदार मो. 7979985594 ईमेल - shrambindujharkhand@gmail.com